

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -26 जबलपुर, रविवार 23 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


न्याय हमारी आत्मा में बसना चाहिए, न्याय प्रणाली की बेहतरी के लिए काम करें - सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश जस्टिस माहेश्वरी

## पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए पूरी क्षमता से करें कार्य- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अभियोजन अधिकारियों की न्याय प्रणाली में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। न्यायालय, पुलिस और अभियोजन मिलकर पीड़ित को न्याय दिलाते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय, शासन, प्रशासन और अभियोजन के आपसी समन्वय से ही पीड़ितों को न्याय मिलेगा और प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को और अधिक बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अभियोजन अधिकारी विधिक प्रक्रियाओं, अभियोजन कार्यों और न्यायिक प्रणाली की बारीकियों से अवगत हों, जिससे वे अपने दायित्वों को कुशलतापूर्वक निर्वहन कर सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कान्हासैंया स्थित केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में 210 से अधिक नवनियुक्त



सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारियों के आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस श्री जे.के. माहेश्वरी, म.प्र. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस श्री सुरेश कुमार कैत एवं म.प्र. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस श्री विवेक अग्रवाल के साथ दीप प्रज्जवलित कर इस 45 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि देश में सुशासन स्थापित करने में हमारी माननीय न्यायपालिका की अत्यंत सराहनीय भूमिका है। लोक अभियोजन अधिकारियों के पास यह स्वर्णिम अवसर है कि वे पीड़ितों और जरूरतमंदों को अपनी युवा ऊर्जा, अपने बौद्धिक ज्ञान, मेधा और क्षमता से तत्परतापूर्वक न्याय दिलाएं। न्यायपालिका के आदेशों का अक्षरश: पालन कराना ही वास्तविक सुशासन है। न्यायपालिका की मदद और मार्गदर्शन से देश में लोकतंत्र की परंपरा और मजबूत हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि देश ने अनेकों ऐसे अवसर देखें हैं जब न्याय पालिका के आदेशों को बिना किसी देरी के बड़ी शांति से लागू कराकर केन्द्र सरकार ने सुशासन के उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किये है। इससे देश में लोकतंत्र की परंपरा भी मजबूत हुई है। उन्होंने धर्मो रक्षति रक्षत: का संदर्भ देते हुए कहा कि धर्म उसी की रक्षा करता है, जो धर्म की रक्षा करता है। यह पारस्परिक भाव ही सुशासन की मूल नीति है। उज्जैन में महाराज विक्रमादित्य ने सदियों पहले सुशासन के प्रतिमान स्थापित किए थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमने देश में इस भाव को पुन: जीवंत होते हुए देखा है। देश में अमृत काल चल रहा है और इस दौर में सबके कल्याण, सबके हित, सबको न्याय दिलाने के लिए एक सक्षम नेतृत्व उपलब्ध है।

## राहुल बाबा हमारा मजाक उड़ाते थे, हमने एक क्लिक से लोगों के खाते में पैसे डाले, महाराष्ट्र में बोले अमित शाह

नई दिल्ली-(आरएनएस)। एनडीए की तीसरी बार जीत के साथ, पीएम मोदी ने पीएमएवाई के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसमें 20 लाख परिवारों को आवास की सहायता दी गई। इस योजना के तहत सबसे अधिक लाभार्थियों के साथ महाराष्ट्र अग्रणी है, जो एक महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक उत्थान को दर्शाता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार, महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में महायुति गठबंधन की जीत प्रामाणिक शिवसेना और एनसीपी के लिए जनता के समर्थन का संकेत देती है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को धनराशि वितरित करते हुए एक समारोह में अमित शाह ने नई सरकार का समर्थन करने के लिए महाराष्ट्र के लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिवसेना और राकांपा के भीतर वास्तविक गुटों पर जनता के स्पष्ट निर्णय पर जोर दिया।



एनडीए की तीसरी बार जीत के साथ, पीएम मोदी ने पीएमएवाई के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसमें 20 लाख परिवारों को आवास की सहायता दी गई। इस योजना के तहत सबसे अधिक लाभार्थियों के साथ महाराष्ट्र अग्रणी है, जो एक महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक उत्थान को दर्शाता है। इस योजना का लक्ष्य 2029 तक देशभर में बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देते हुए पांच करोड़ घर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में 1,465 शहरी सहकारी बैंक हैं, और 400 से अधिक केवल महाराष्ट्र में हैं। हम एक [illegible] संगठन को सक्रिय कर रहे हैं, जो सभी सहकारी बैंकों को हर संभव तरीके से मदद करेगा। [illegible] संस्था के लिए 300 करोड़ रुपये का बजट भी मंजूर किया गया है।

अमित शाह ने कहा कि जब पीएम मोदी ने जनधन खाते खोले, तो राहुल गांधी ने उनसे पूछा कि पीएम मोदी खाते में क्या ट्रांसफर करेंगे? मैं आपको बताना चाहता हूं, राहुल गांधी, कैसे पीएम मोदी ने एक क्लिक से लाभार्थी के खाते में धनराशि ट्रांसफर की। अमित शाह ने आज महाराष्ट्र के पुणे में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा के मुख्यमंत्रियों, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव के प्रशासक और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

### वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण सड़क हादसा, 9 की मौत, 33 घायल, कई गंभीर

वाराणसी.(आरएनएस)। वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर सरोखनपुर अंडरपास के पास एक भीषण हादसा हुआ, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए. टाटा सूमो और एक बस की टक्कर में सूमो में सवार पांच लोगों (तीन महिलाएं, एक पुरुष और एक 5 साल का बच्चा) की स्थान पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए. इसी दौरान, एक बस ट्रेलर से टकरा गई, जिसमें तीन यात्रियों की मौत हो गई और 27 घायल हो गए. सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया. सूमो में सवार यात्री झारखंड से थे और वाराणसी दर्शन के बाद अयोध्या जा रहे थे. वहीं, बस में सवार यात्री दिल्ली के थे, जो चित्रकूट, प्रयागराज और वाराणसी के दर्शन करने के बाद अयोध्या जा रहे थे. हादसे के समय बस में सवार कई यात्री सो रहे थे, जिसके कारण अचानक टक्कर से वे गंभीर रूप से घायल हो गए.

218 करोड़ रूपये की लागत से बनेगा कैंसर अस्पताल श्री बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा निर्मित किया जा रहा है कैंसर अस्पताल

## प्रधानमंत्री मोदी छतरपुर के बागेश्वर धाम में करेंगे कैंसर अस्पताल का शिलान्यास

बुन्देलखण्ड को मिलेगी एक और बड़ी सौगात- कैंसर रोगियों का होगा निःशुल्क उपचार

भोपाल-(आरएनएस) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 फरवरी को मध्यप्रदेश के छतरपुर के ग्राम गढ़ा (राजनगर) में बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा निर्मित किये जाने वाले मेडिकल साईंस एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा बुन्देलखण्ड क्षेत्र को यह दूसरी बड़ी सौगात दी जा रही है। इसके पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी ने खजुराहों में केन-बेतवा नदी जोड़ों परियोजना की सौगात बुन्देलखण्ड क्षेत्र की दी थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी 218 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले कैंसर अस्पताल का शिलान्यास करेंगे। इसके लिये 10.925



हेक्टेयर भूमि चिन्हित की जा चुकी है। कैंसर अस्पताल 36 माह में बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इसके पहले चरण में 100 बिस्तरों की सुविधा होगी, जिसमें अत्याधुनिक मशीनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से गरीब कैंसर रोगियों को निःशुल्क उपचार किया जायेगा। बागेश्वर धाम में शुरू होने वाली यह पहल न केवल कैंसर के इलाज के क्षेत्र में एक बड़ा कदम होगा, बल्कि यह समाज के हर वर्ग के लिये बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को भी सुनिश्चित करेगा। अस्पताल के निर्माण से स्थानीय रोजगार और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

### तेलंगाना में बड़ा हादसा, सुरंग की छत का एक हिस्सा ढहा, 12 मजदूरों के फंसे होने की आशंका

हैदराबाद. तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) की सुरंग की छत का एक हिस्सा ढहने की खबर सामने आ रही है. जानकारी के अनुसार सुरंग में 8 से 10 मजदूरों फंसे होने की आशंका जताई जा रही है. बताया जा रहा हैं कि घटना तब हुई जब कुछ श्रमिक काम के सिलसिले में अंदर गए थे, तभी सुरंग के 12-13 किलोमीटर अंदर छत गिर गई. हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में संख्या बताए बिना संकेत दिया गया है कि कुछ लोग घायल हुए हैं. मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को राहत कार्य के लिए घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया है. मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, राज्य के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी, सिंचाई मामलों के सरकारी

## रतलाम में थाना परिसर में युवक ने खुद को लगा ली आग, हालत गंभीर



रतलाम (आरएनएस)। रतलाम शहर के दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र परिसर में 35 वर्षीय अजय पवार उर्फ अजय चोटी ने अपने शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। इससे वह बुरी तरह झुलस गया, उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अजय सिंह को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी, कुछ दिन पहले ही वह जेल से छूटकर आया है। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। मामले में अजय सिंह पवार को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा वर्ष 2016 में सुनाई थी। कुछ समय पहले वह जेल से छूट कर आया है। उक्त प्रकरण में मुकेश कटारा गवाह था। 9 जनवरी 2025 को अजय व मुकेश के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। अजय ने मुकेश कटारा और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने का प्रकरण दीनदयाल नगर थाने में दर्ज कराया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। मामला 7 वर्ष से काम की सजा होने से आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई।

शुक्रवार रात अजय सिंह नशे की हालत में पेट्रोल और माचिस लेकर दीनदयाल नगर थाने पहुंचा और दबाव बनाते हुए मुकेश व उसके साथियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगा, उसका कहना था कि उन्हें गिरफ्तार किया जाए। पुलिस ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन अजय ने बोतल से शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। पुलिसकर्मियों ने उसे बचाया तथा मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती कराया, जहां से उसे इंदौर रेफर कर दिया गया। अजय ने 6 फरवरी 2025 तथा 14 फरवरी 2025 को भी नशे की हालत में थाना परिसर में आकर मरने की धमकी दी थी। अजय सिंह के खिलाफ हत्या का प्रयास मारपीट के कुल 6 मामले पंजीबद्ध है। एसपी राकेश खाखा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### पाकिस्तानी सुरक्षा बलों का उत्तर-पश्चिम में उग्रवादियों के ठिकाने पर छापा, छह ढेर

पेशावर । पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना के आधार पर देश के उत्तर-पश्चिम प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तानी तालिबान के पूर्व गढ़ में स्थित उग्रवादियों के एक ठिकाने पर छापा मारा और इस दौरान भीषण गोलीबारी में छह उग्रवादी मारे गए। सेना ने यह जानकारी दी। सेना ने एक बयान में कहा कि यह छापा अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में मारा गया। इसमें कहा गया कि वहां मौजूद प्रत्येक उग्रवादी को खत्म करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सेना ने मारे गए उग्रवादियों के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी, लेकिन ऐसे अभियान अक्सर पाकिस्तानी तालिबान के खिलाफ चलाए जाते हैं,

शिवराज के ट्वीट को लेकर कांग्रेस का मोदी सरकार पर तंज

## सब चंगा सी का ढोल पीटने से ही फुर्सत नहीं

नई दिल्ली-(आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को भोपाल से दिल्ली जाते समय टूटी सीट आवंटित होने पर एयर इंडिया की आलोचना की। उन्होंने इस मुद्दे पर चिंता जताई और कहा कि मामला बैठने में उनकी असुविधा के बारे में नहीं है, बल्कि यात्रियों को असुविधाजनक सीटों पर बैठाना अनैतिक है। इसको लेकर उन्होंने एक ट्वीट भी किया। अब इसी पर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस ने शिवराज के बहाने मोदी सरकार पर निशाना साधा है और हर सेक्टर का भट्ठा बैठाने का आरोप लगाया है।



कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार ने हर सेक्टर का भट्ठा बैठा दिया है। रेल में यात्री परेशान हैं। प्लेन में यात्री परेशान हैं। लोग शिकायत करते रहते हैं, वीडियो बनाते रहते हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। एक्स पोस्ट में कहा गया है कि अब शिवराज जी को दिक्कत हुई है तो ट्वीट कर रहे हैं, हो सकता है इसपर एक्शन भी लिया जाए। लेकिन हालात सुधरने वाले नहीं हैं, क्योंकि कोई भी सिस्टम ऊपर से ठीक होता है। और ऊपर तो सब चंगा सी का ढोल पीटने से ही फुर्सत नहीं. लोग परेशानी झेलते हैं। शिवराज ने इससे पहले अपने पोस्ट में लिखा था कि आज मुझे भोपाल से दिल्ली आना था, पूसा में किसान मेले का उद्घाटन, कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती मिशन की बैठक और चंडीगढ़ में किसान संगठन के माननीय प्रतिनिधियों से चर्चा करनी है। मैंने एयर इंडिया की फ्लाइट क्रमांक [illegible]436 में टिकिट करवाया था, मुझे सीट क्रमांक 8[illegible] आवंटित हुई। मैं जाकर सीट पर बैठा, सीट टूटी और अंदर धंसी हुई थी। बैठना तकलीफदायक था। जब मैंने विमानकर्मियों से पूछा कि खराब सीट थी तो आवंटित क्यों की? उन्होंने बताया कि प्रबंधन को पहले सूचित कर दिया था कि ये सीट ठीक नहीं है, इसका टिकट नहीं बेचना चाहिए। ऐसी एक नहीं और भी सीटें हैं। उन्होंने आगे कहा कि सहयात्रियों ने मुझे बहुत आग्रह किया कि मैं उनसे सीट बदल कर अच्छी सीट पर बैठ जाऊं लेकिन मैं अपने लिए किसी और मित्र को तकलीफ क्यों दूं, मैंने फैसला किया कि मैं इसी सीट पर बैठकर अपनी यात्रा पूरी करूंगा। मेरी धारणा थी कि टाटा प्रबंधन के हाथ में लेने के बाद एयर इंडिया की सेवा बेहतर हुई होगी, लेकिन ये मेरा भ्रम निकला। मुझे बैठने में कष्ट की चिंता नहीं है लेकिन यात्रियों से पूरा पैसा वसूलने के बाद उन्हें खराब और कष्टदायक सीट पर बैठाना अनैतिक है।

यात्रियों के साथ धोखा... प्लेन में मिली टूटी सीट पर नाराज हुए शिवराज

## 'मुझे टूटी सीट पर बैठाया'... शिवराज सिंह के पोस्ट के बाद एआई ने मांगी माफी

नई दिल्ली (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एयर इंडिया की फ्लाइट का अपना अनुभव साझा करते हुए सेवाओं पर सवाल उठाए।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एयर इंडिया की खराब सेवाओं पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. भोपाल से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट AI436 में यात्रा करते समय उन्हें आवंटित सीट टूटी और अंदर से धंसी हुई मिली, जिससे उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ा. मंत्री ने अपनी इस परेशानी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए एयर इंडिया की बदइंतजामियों पर सवाल उठाए.

शिवराज सिंह चौहान, जो पूसा किसान मेले का उद्घाटन करने के लिए दिल्ली आ रहे हैं, साथ ही कुरुक्षेत्र में मीटिंग और चंडीगढ़ में किसान संगठन के प्रतिनिधियों से चर्चा करने का कार्यक्रम भी निर्धारित है. एयर इंडिया की इस असुविधाजनक व्यवस्था पर मंत्री द्वारा गहरी नाराजगी दर्ज की गई है.

### कांग्रेस का तंज- बात खुद पर आई तो अंदाजा हुआ



केंद्रीय मंत्री ने आगे लिखा कि मैंने एयर इंडिया की फ्लाइट क्रमांक AI436 में टिकिट करवाया था, मुझे सीट क्रमांक आवंटित हुई। मैं जाकर सीट पर बैठा, सीट टूटी और अंदर धंसी हुई थी। बैठना तकलीफदायक था।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक असुविधाजनक उड़ान अनुभव के बाद एयर इंडिया के प्रति अपना असंतोष साझा करने के लिए शनिवार को सोशल मीडिया का सहारा लिया। चौहान फ्लाइट AI436 से भोपाल से दिल्ली की यात्रा कर रहे थे, जब उन्हें कथित तौर पर टूटी और धंसी हुई सीट आवंटित की गई। इससे शिवराज सिंह चौहान नाराज हो गए। शिवराज ने एक्स पर लिखा कि आज मुझे भोपाल से दिल्ली आना था, पूसा में किसान मेले का उद्घाटन, कुरुक्षेत्र में प्राकृतिक खेती मिशन की बैठक और चंडीगढ़ में किसान संगठन के माननीय प्रतिनिधियों से चर्चा करनी है। केंद्रीय मंत्री ने आगे लिखा कि मैंने एयर इंडिया की फ्लाइट क्रमांक AI436 में टिकिट करवाया था, मुझे सीट क्रमांक 8 आवंटित हुई। मैं जाकर सीट पर बैठा, सीट टूटी और अंदर धंसी हुई थी। बैठना तकलीफदायक था। जब मैंने विमानकर्मियों से पूछा कि खराब सीट थी तो आवंटित क्यों की? उन्होंने बताया कि प्रबंधन को पहले सूचित कर दिया था कि ये सीट ठीक नहीं है, इसका टिकट नहीं बेचना चाहिए। ऐसी एक नहीं और भी सीटें हैं। भाजपा नेता ने आगे कहा कि सहयात्रियों ने मुझे बहुत आग्रह किया कि मैं उनसे सीट बदल कर अच्छी सीट पर बैठ जाऊं लेकिन मैं अपने लिए किसी और मित्र को तकलीफ क्यों दूं, मैंने फैसला किया कि मैं इसी सीट पर बैठकर अपनी यात्रा पूरी करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरी धारणा थी कि टाटा प्रबंधन के हाथ में लेने के बाद एयर इंडिया की सेवा बेहतर हुई होगी, लेकिन ये मेरा भ्रम निकला। मुझे बैठने में कष्ट की चिंता नहीं है लेकिन यात्रियों से पूरा पैसा वसूलने के बाद उन्हें खराब और कष्टदायक सीट पर बैठाना अनैतिक है। क्या ये यात्रियों के साथ धोखा नहीं है? उन्होंने आगे कहा कि क्या आगे किसी यात्री को ऐसा कष्ट न हो, इसके लिए एयर इंडिया प्रबंधन कदम उठाएगा या यात्रियों की जल्दी पहुंचने की मजबूरी का फायदा उठाता रहेगा।

## निलंबन के बाद कांग्रेस विधायकों ने राजस्थान विधानसभा में बिताई रात, अब पार्टी करेगी सड़क पर प्रदर्शन

राजस्थान(आरएनएस)। राजस्थान की विधानसभा में जमकर हंगामा हो रहा हैं। राजस्थान में चल रहे राजनीतिक घमासान के बीच पूरे बजट सत्र के लिए विधानसभा से निलंबित किए गए कांग्रेस के छह विधायकों ने सदन के वेल में रात बिताई। उन्होंने धरना दिया और फिर विधानसभा के अंदर ही सो गए। इस बीच, कांग्रेस पार्टी की प्रदेश इकाई ने दोपहर करीब 2:30 बजे चांदपॉल सर्किल पर प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस नेता टीका राम जूली ने कहा, सरकार का बातचीत करने का कोई इरादा नहीं है। हमारी तरफ से टकराव की कोई स्थिति नहीं है। हमारी बस एक छोटी सी मांग है कि इंदिरा जी के लिए इस्तेमाल किए गए शब्दों को वापस लिया जाए। हमारी कोई और मांग नहीं है। अगर इस मामले पर भी सत्ता पक्ष सहमत नहीं है तो यह गलत है। वे विधानसभा की गरिमा को धूमिल कर रहे हैं। विपक्ष को जो कार्रवाई करनी चाहिए, वह यहां सत्ता पक्ष कर रहा है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ, जिसके कारण सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पड़ी और पीसीसी प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा सहित छह कांग्रेस विधायकों को बजट



सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। राजस्थान विधानसभा में हंगामा किस वजह से हुआ? यह घटना सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा विपक्षी बेंच की ओर इशारा करते हुए आपकी दादी कहने के बाद हुई। कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावासों से संबंधित एक सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा, 2023-24 के बजट में भी, हमेशा की तरह, आपने (कामकाजी महिलाओं के छात्रावासों पर) योजना का नाम अपनी %दादी% इंदिरा गांधी के नाम पर रखा है। कांग्रेस विधायकों ने इस टिप्पणी पर आपत्ति जताई और वेल में आकर मंत्री से माफी मांगने की मांग की। मुख्य सचेतक ने निलंबन का प्रस्ताव रखा तीन बार स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही शाम 4 बजे फिर से शुरू हुई।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बरेला में श्रीमती राम बाई बरकड़े उम्र 59 वर्ष निवासी ग्राम पुरवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खेती किसानी करती है आज सुबह लगभग 9 बजे अपने खेत में घास काटने गयी थी बेटा बहू समनापुर रिश्तेदारी में गये थे दोपहर लगभग 1-30 बजे घर वापस आयी देखा घर के गेट का ताला टूटा था अंदर जाकर देखा पेटी में रखे जेवर एक करधन, एक जोड़ी पायल, सोने की एक जोड़ी झुमकी, एक मंगलसूत्र, चांदी की अंगूठी तथा 7 हजार रूपये नहीं थे कोई अज्ञात चोर उसके घर का ताला तोड़कर घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर तथा नगदी सहित लगभग 45 हजार रूपये के जेवर चोरी कर ले

# तीनों कालों में विद्यमान है भगवान शिव







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जब कुछ भी नहीं था तब भी भगवान शिव थे। वेदों में कहा गया है कि भगवान शिव हमें सन्मार्ग पर ले जाते हैं। हमारे समस्त पाप दुर्विचार समाप्त होते हैं। भगवान शिव की पूजन से, कल्याणकारी शिव का स्मरण मात्र समस्त दुखों से मुक्ति दिला देता है। उपरोक्त उद्गार ग्वारीघाट स्थित साकेतधाम में श्री रामेश्वरम महादेव के 21 वें पाटोत्सव के प्रथम दिवस में स्वामी मुक्तानंद जी ने व्यक्त किये।

साध्वी दीदी ज्ञानेश्वरी जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति के संरक्षण में गौमाता का विशेष महत्वपूर्ण स्थान है। जीवन में सेवाभाव आना ही परमात्मा के प्रति लगाव दर्शाता है। श्री राम ने समुद्र पार जाने के पूर्व ही रामेश्वरम में शिवलिंग का स्थापना किया। रामेश्वरम महादेव की भक्ति एवं पूजा के माध्यम से ही जीवन में सहजता आती है।

पंडित उमाशंकर शर्मा जी व्यास ने कहा कि गुरु के मार्ग का अवलंबन करने से ही भगवत प्राप्ति में होती है। सिद्धांत जब जीवन में एक रूप हो जाती हैं वह केवल गुरु के मार्गदर्शन से ही संभव हो पाता है। जो अद्वैत में होता है, वही पूर्ण भक्ति होती है। यह भक्त के अनुभूति की ही बात है। द्वैतभाव से साधना ही मात्र संभव है। स्वामी गिरिशानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि जीवन की कष्ट कठिनाइयों से जूझ कर शिवतत्व सफलताओं की ऊँचाइयों को प्राप्त करता है। जीवन संघर्षों से भरा हुआ है जैसे हिमालय में खूंखार जानवर का भय होता है वैसा ही संघर्षमयी जीवन है। शिव भक्त उनसे घबराता नहीं है, उन्हें उपयोगी बनाते हुए हिमालय रूपी ऊँचाइयों को प्राप्त करता है। चतुर्वर्ण की रक्षा का कार्य हमेशा संत ही करते है। संत की कृपा से ही भगवंत की कृपा प्राप्त होती है। महाराज जी ने कहा कि निरंतर 21 वर्षों से श्री रामेश्वरम महादेव जी के कृपा से पाटोत्सव का शुभारंभ नर्मदा पूजन के द्वारा किया गया। पूज्य संतों की उपस्थिति में नर्मदा पूजन किया गया तत्पश्चात महा रुद्राभिषेक का प्रारंभ हुआ। प्रतिदिन प्रातः 10॰00 बजे से महा रुद्राभिषेक एवं शाम को 4॰30 बजे से रुद्राभिषेक एवं प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। संत विद्वानों का स्वागत अभिनंदन अमित तिवारी, भानु नवेरिया, तनुश्री सिंह, मनीष दुबे, मैत्रयी दीदी, भगवान दास धीरवाणी, बालकृष्ण अग्रवाल, रुचिमोहन, कैलाश गुप्ता, के एन दुबे, मोनी अग्रवाल, विवेक पाठक, उमंग गोयल, महेंद्र पटेरिया, अशोक रंगा, राजेश केडिया, सुबीर बैनर्जी आदि ने किया मंच संचालन डॉक्टर बृजेश दीक्षित एवं स्वस्तिवाचन एवं रुद्राभिषेक पंडित रोहित दुबे, पंडित सौरभ दुबे पंडित सुनील ने कराया।

## जबलपुर महानगर के सभी 967 बूथों में प्रधानमंत्री के मन की बात सुनेंगे कार्यकर्ता

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का इस माह प्रसारण कल रविवार 23 फरवरी को प्रातः 11 बजे होगा। भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर सुभाष चंद्र बोस मंडल के सुभाष चंद्र बोस वार्ड बूथ क्रमांक 42 में बूथ कार्यकर्ताओ के साथ मन की बात सुनेंगे। भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने बताया मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण जबलपुर नगर के सभी 967 बूथों में किया जाएगा जिसमे सभी जनप्रतिनिधियों, स्थानीय कार्यकर्ताओ के साथ आम जनता भी प्रधानमंत्री जी को सुनेगी। नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने सभी कार्यकर्ताओ से अपने अपने बूथ में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

जबलपुर-प्रारंभिक बाल्य अवस्था देखभाल एवं शिक्षा पर जिले की 82 पूर्व प्राथमिक शालाओं का एक दिवसीय टीएलएम मेले का आयोजन आज बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में किया गया। टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) मेले में पूर्व प्राथमिक शालाओं में नर्सरी एवं केजी कक्षाओं में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों द्वारा कम लागत या बिना लागत की शिक्षण सामग्री अपने स्तर

## संत गाडगे बाबा जी की जन्म दिवस कर्म दिवस के रूप में मनाया जाएगा




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।, 20वीं शताब्दी के सामाजिक सुधारक जिन्होंने अपना सारा जीवन दलित और दलितों की सेवा में लगाकर स्वच्छता और चारित्रिक शिक्षा पर हमेशा बल दिया था वह संत थे जिन्हें भगवान की तलाश में धर्मशाला, अनाथालय ,आश्रम, अनाथों के लिए विद्यालय की शुरुआत की रंगले,गंजले,दीन-कमजोर अपंग और अनाथ जिनको देवता के रूप में वे देखते थे ऐसी महान सोच वाले संत का जन्म दिवस संत गाडगे धर्मशाला,झामनदास चौक, द्वारका नगर , जबलपुर में 23 फरवरी को दोपहर 1॰00 बजे मनाया जाएगा इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री, वर्तमान विधायक श्री लखन घनघोरिया होंगे, इस कार्यक्रम में समाज के जितने भी दबे और कुचले हुए लोग है उन पर दार्शनिक,बुद्धिजीवी एवं सामाजिक संगठन के लोग अपनी बात आज के परिवेश में संत गाडगे जी की परिकल्पना उस समय क्या थी उन बातों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला जावेगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित की अपील समाजसेवी सरमन रजक,एड.विवेक अवस्थी ,सुधीर शर्मा, रमेश मास्टर,रामरतन यादव, पूर्व विधायक नन्हे सिंह धुर्वे,सतीश रजक, महेश रजक, प्रहलाद रजक, शेरू रजक, सुखदेव रजक, राजेंद्र रजक, डी एल रजक, संजू भैया, पप्पू महाजन,टीनू रजक,गोलू रजक, भूरे भैया, कल्लू खलीफा,सुरेश रजक,अतुल गुप्ता, शरण चोहटेल गुड्डू झा,भारत श्रीवास, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय संघठन के एड.धीरज सिंह ठाकुर ,एड अनुराग सिंह ठाकुर, दा बौद्धिष्ठ सोसाइटी ऑफ इंडिया के दीपक अरकड़े, टीकाराम रोहित एवं अन्य ने की है।

## रात में मवेशियों के झुंड से गढ़ा फाटक से निकलना दुश्वार

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एक ओर शहर को साफ स्वच्छ बनाने और सड़कों पर आवारा मवेशियों के उचित प्रबंधन के दावे किये जा रहे हैं, दूसरी तरफ पालतू मवेशी सड़कों पर तांडव मचा रहे हैं. एक तरफ दिन में जहां ट्रैफिक जाम से लोग परेशान हैं, तो वहीं रात में पालतू मवेशी दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं.

आम नागरिक शिकायतों के मुताबिक रात में पुरानी चरहाई से लेकर बड़ी महाकाली गढ़ा फाटक के आगे तक पालतू मवेशियों को रात में छोड़ दिया जाता है. जिसमें ज्यादातर गौवंश सड़कों पर झुंड लगाकर खड़े रहते हैं. मवेशियों की संख्या इतनी अधिक है कि वाहन से निकलना मुश्किल हो जाता है. हार्न बजाने पर मवेशी इधर उधर भागते हैं, जिससे दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है. क्षेत्रीय लोगों ने शिकायत में बताया कि शहरीय क्षेत्रों में चल रही डेयरियों की वजह से क्षेत्र में पालतू मवेशी रात में छोड़ दिये जाते हैं. हाका गैंग भी इस ओर ध्यान नहीं देती है.

## उमरा यात्रियों का स्वागत कर किया रवाना



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुस्लिम धर्मावलंबियों के मुख्य व पवित्र तीर्थ मक्का-मदीना (सऊदी अरब) उमरा करने जा रहे मप्र मुस्लिम विकास परिषद के प्रदेश सचिव एडवोकेट रफीक मनिहार व उनकी पत्नी तनु मनिहार के रीवा से नगरागमन पर परिषद के जिला कार्यालय मंडी मदार टेकरी में जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पठान समाज के सरदार व वरिष्ठ पत्रकार हाजी मुईन खान, पत्रकार अशफाक आरिफ, परिषद के हाशिम राजा, गुलाम साबरी, पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी, फैजान कुरैशी, बब्लू कुरैशी, शाहिद कुरैशी, तारिक कुरैशी, जिया उल हक अंसारी, नोषाद खलीफा, अशरफ कुरैशी, इरफान कुरैशी, मेहताब अली, लियाकत जावेद, खालिद कुरैशी, डॉ. निसार अंसारी, मुज्जफर कुरैशी, ताहिर खोकर, एड. अकबर उस्मानी, समाजसेवी इस्तियाक अंसारी, अलीम मंसूरी, साजिद काजी, अहमद रज़ा, एड.निसार अंसारी, गुलाम किबरिया, मामूर गुड्डू, शेख निजामी, अब्दुल बाकी खान, अशरफ शिराजी, मो. जावेद, मुख्तार अंसारी, मो. इस्लाम आदि ने आगवानी कर पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत कर रवाना किया।

## वर्तिका द्वारा काव्य पटल का लोकार्पण एवं ककाव्य गोष्ठी आज

जबलपुर।वर्तिका संस्था के तत्वावधान में कविवर अभय तिवारी एवं उमेश साहू ओज द्वारा सृजित कविताओं के काव्य पटल का लोकार्पण 23 फरबरी को दोपहर 3 बजे से कला वीथिका में आयोजित है।समारोह के मुख्य अतिथि

आचार्य विजय किसलय होंगे।अध्यक्षता निर्मिला तिवारी करेंगी।सारस्वत अतिथि राजा चौरसिया पान उमरिया एवं डॉ. छाया सिंह होंगी।द्वितीय सोपान में काव्य गोष्ठी आयोजित है।वर्तिका ने साहित्य अनुरागियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## माता गुजरी कॉलेज के गणित विभाग द्वारा टॉस सॉल्यूशन में Industrial Visit का आयोजन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। माता गुजरी कॉलेज के गणित विभाग के द्वारा डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार पाहवा तथा प्राचार्य डॉ संगीता झांब, रजिस्ट्रार डॉ सत्येंद्र कुररिया तथा विभाग अध्यक्ष डॉक्टर सुनीता सोनी के निर्देशन में दिनांक 22.2.25 को यूजी और पीजी छात्राओं के लिए टॉस सॉल्यूशन कंपनी में उद्योग भ्रमण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर कुलवंत कौर अहलूवालिया थीं।।इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को उद्योग में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने और उद्योग की आवश्यकताओं को समझने का अवसर प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में गणित विभाग की लगभग 30 छात्राओं ने भाग लिया।

टॉस सॉल्यूशन की को फाउंडर श्रीमती दीप कौर ने छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तथा मशीन लर्निंग के बारे में प्रायोगिक जानकारी दी। प्रोजेक्ट मैनेजर श्री ऋषिराज ने छात्राओं को Industrial Visit और ई कॉमर्स मैनेजमेंट के बारे में जानकारी प्रदान की और उन्हें कंपनी के विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया। गणित विभाग की छात्राओं को उद्योग में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ, जो कि सराहनीय था।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025

## उद्योगपतियों को मिलेगी कई सहुलियतें- ऊर्जा मंत्री तोमर

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली बिलों में और उच्च दाब कनेक्शनों के लिये विभिन्न प्रकार की छूटों का प्रावधान किया गया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार उद्योगपतियों को ऊर्जा विभाग द्वारा कई सहूलियते दी जा रही हैं। श्री तोमर ने कहा है ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 से प्रदेश में उद्योगीकरण को गति मिलेगी।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया है कि उच्च दाब कनेक्शन लेने वाले नए उद्योगों के लिये 33 केव्ही पर 5 वर्ष, 132 केव्ही पर 7 वर्ष तथा 220 केव्ही पर 10 वर्ष के लिये विद्युत शुल्क से छूट मिलेगी। नए उच्च दाब कनेक्शनों को ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत अथवा 1 रूपये प्रति यूनिट में जो भी कम हो, की 5 वर्ष के लिये छूट दी जाएगी। कैप्टिव पॉवर उपयोगकर्ता को कैप्टिव उत्पादन कम कर विद्युत वितरण कम्पनी से बिजली खरीदने पर बड़ी हुई खपत में 2 रूपये प्रति यूनिट की छूट 5 वर्ष तक के लिये दी जाएगी। विद्यमान उच्च दाब उपभोक्ताओं को बढ़ी हुई यूनिटों पर ऊर्जा प्रभार में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

### बिजली बिलों में विभिन्न प्रकार की छूटों का प्रावधान

कार्पोरेट स्तर पर रिलेशनशिप मैनेजर्स नियुक्त

उच्च दाब उपभोक्ताओं को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 14 दस्तावेजों के स्थान पर मात्र 2 दस्तावेजों के आधार पर 7 दिन में नए कनेक्शन दिये जा रहे हैं। शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये कार्पोरेट स्तर पर रिलेशनशिप मैनेजर्स नियुक्त किये गये हैं। ।विद्युत शुल्क का युक्तियुक्तकरण किया गया है। इससे माईन्स, सीमेंट उद्योग और स्टोन क्रशर को छोड़कर सभी अन्य उद्योगों पर एक समान 9 प्रतिशत की दर से विद्युत शुल्क लगेगा। पहले उच्च दाब उद्योगों पर 15 प्रतिशत शुल्क लगता था। उचित पॉवर फेक्टर बनाएं रखने के लिये बिल में छूट और अग्रिम, शीघ्र और ऑनलाइन बिल भुगतान में प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया गया है। वद्यिुत कनेक्शन में नाम परिवर्तन और भार परिवर्तन की ऑनलाइन सुविधा दी गई है। वर्तमान में उच्च दाब औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ताओं को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1886 करोड़ रूपये की छूट दी गई है।

ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिये ग्रीन एनर्जी टैरिफ लागू किया गया है। इसमें प्रमाणीकरण एवं नवकरणीय क्रय दायित्व के लिये अलग से दरें तय की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग स्थापना पर ग्रामीण फीडर से विद्युत प्रदाय कर विद्युत दरों में कमी करने का प्रावधान किया गया है। उद्योग में संतुलित भार रखने पर टैरिफ दरों में लोड फेक्टर छूट की सुविधा दी गई है।


टाईम ऑफ डे छूट

उच्च दाब उपभोक्ताओं को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपयोग की गई ऊर्जा के लिये ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसी तरह रात 10 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक उपयोग की गई ऊर्जा के लिये ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 10 प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया गया है। ऊर्जा विभाग की सेवाओं को लोक सेवा गांरटी अधिनियम में शामिल किया गया है। इससे निर्धारित समय पर योजनाओं का लाभ उपभोक्ताओं को मिल सकेगा।

### श्रीमती छाया त्रिवेदी की कृति का विमोचन आज

जबलपुर। पाथेय संस्था के तत्वावधान में वरिष्ठ कवयित्री, कथाकार श्रीमती छाया त्रिवेदी के लघुकथा संग्रह %बादल का एक टुकड़ा% का विमोचन दीप धरोहर के अंतर्गत 23 फरवरी को 4.30 बजे से कला विधिक में आयोजित है।मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ चंद्रा चतुर्वेदी होंगी। अध्यक्षता डॉ. हरिशंकर दुबे करेंगे। सारस्वत अतिथि आचार्य भगवत दुबे एवं डॉ. इला घोष होंगी। इस अवसर पर विविध क्षेत्रों के मनीषियों को सम्मानित किया जाएगा।

## शिवलिंग की उत्पत्ति ब्रम्हा और विष्णु में विवाद। मार्कण्डेय आख्यान। नारद संवाद - अशोकानंद



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी जी की पुण्य स्मृति में दादा ईश्वरदास रोहाणी सेवा समिति के द्वारा श्री शिव महापुराण कथा, श्री शिवमहायज्ञ एवं असंख्य रूद्री (शिवलिंग) निर्माण का आयोजन कथा प्रवक्ता आचार्य स्वामी श्री अशोकानंद जी महाराज के मंगल सानिध्य में 20 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रांगण, रांझी में केंट विधायक श्री अशोक रोहाणी के निर्देशन में आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें आज विशेष रूप से जबलपुर सांसद श्री आशीष दुबे जी, बलराम यादव, राजीव सरीन, पूर्व पार्षद अमित जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद श्री दुबे ने कहा कि विधायक श्री अशोक रोहाणी जी के द्वारा शिव महापुराण कथा कराकर पुरी रांझी शिव की भक्ति में रमकर धर्ममय कर दिया मैं इस आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करता हूं।

कार्यक्रम के तृतीय दिवस प्रातः 09 बजे से सैंकड़ों की संख्याओं में रूद्री शिवलिंग का निर्माण किया। दोपहर 12 बजे से विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। इसके पश्चात् स्वामी अशोकानंद महाराज जी के द्वारा शिव महापुराण की कथा का महत्व बताते हुए कहा कि शिवलिंग की उत्पत्ति ब्रम्हा और विष्णु में विवाद। मार्कण्डेय आख्यान। नारद संवाद, हम सभी को शिव जी की अराधना करना चाहिए, शिव की आराधना करने से सच्चे सुख की प्राप्ति होती है। इस अवसर रिंकु विज, सचिन जैन सहारा, दामोदर सोनी, पुष्पराज सिंह सेंगर, आशीष राव, अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, श्रीमती सावित्री शाह, श्रीमती संतोषी ठाकुर, सौरभ गोयल, गुड्डा केवट, आशीष दास चैधरी, अजय पदम, सुधीर बेन, मिक्की शर्मा, हैप्पी सिंह, श्रीमती सुमन बर्मन, दशरथ पटेल, ब्रजलाल श्रीपाल, पवन रजक, शोभित आनंद, श्रीमती मुन्नी पटेल, प्रभाशंकर कुशवाहा, कैलाश रजक, गुल्लु दुबे, दशरथ रजक, गोविंद यादव, पप्पू सोनकर, अभिषेक सिंह, बबलू लालपुरी, गुड्डा दुबे, राकेश लखेरा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सम्पादकीय
अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।



अर्थात शिवजी के सुंदर मस्तक पर चनद्रमा, सिर पर गंगाजी, तीन नेत्र, साँपों का जनेऊ, गले में विष और छाती पर नरमुण्डों की माला थी। इस प्रकार उनका वेष अशुभ होने पर भी वे कल्याण के धाम और कृपालु हैं। भगवान शंकर के मस्तक पर चन्द्रमा को सुशोभित कर दिया गया। किसी ने पूछा, कि हे भोलेनाथ! आपने उस चन्द्रमा को सीस पर स्थान क्यों दिया, जो कि मन की भाँति चँचल है। गौतम नारि अहल्या का जिसने शील भँग करने का कुप्रयास किया हो, क्या उसे सीस पर सजाना उचित है?



## मध्यस्थता रचनात्मक समधान

प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा है कि सभी विवाद अदालत और मुकदमेबाजी के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मध्यस्थता भी समस्या के निवारण का तरीका है क्योंकि यह रचनात्मक समाधान प्रदान करती है और संबंधों को मजबूत करती है। सीजेआई ने नागपुर में महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में कहा कि प्रत्येक मामले को कानूनी मुद्दे की नजर से नहीं, बल्कि मानवीय पहलू के रूप में भी देखा जाना चाहिए। भारतीय कानूनी सहायता का स्वरूप शायद दुनिया में सबसे मजबूत है, जहां सभी हितधारकों को सहायता दी जाती है। सीजेआई का यह कहना उचित है कि मध्यस्थता रचनात्मक समधान है। ऐसा इसलिए कि इससे प्रतिकूल फैसला आने के बाद भी लोगों के परस्पर संबंध सौहार्दपूर्ण बने रहते हैं। संघर्ष को कुशलतापूर्वक खत्म किया जा सकता है। इस विकल्प को अपनाया जाना सामाजिक ताने बाने को बिखरने नहीं देता। ऐसा किया जाता है तो अदालतों में मुकदमों का जो अंबार लगा है, उसमें भी खासी कमी आ सकती है। न्यायिक प्रणाली पर अरसे से लंबित मामलों के बोझ से काफी हद तक निजात मिल सकेगी। फिर, जैसे-जैसे हमारी समस्याएं और अधिक गतिशील होती जा रही हैं, उनके समाधान की आवश्यकता और अधिक लचीली होनी चाहिए जिसकी तरफ सीजेआई ने भी ध्यान आकर्षित किया है। मध्यस्थता के लिए भारतीय समाज में मुफीद जमीन अनंतकाल से मौजूद रही है। साहित्य और लोक जीवन में मिल-बैठकर मामलों को सुलझाने के दृष्टांत सहज ही खोजे जा सकते हैं। कहना न होगा कि पंच परमेर की धारणा भारतीय जनमानस में गहरे पैठी है।

# सियासी पापों से जनहित की रक्षा के लिए गठित करनी होगी स्वतंत्र एजेंसी ?

सच कहूं तो जैसे मुगल शासक बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के दांवपेंच को नहीं समझ पाए और अंग्रेजों के हाथों अपनी सत्ता गंवा दी, कुछ उसी तरह की भूल हमारी निर्वाचित सरकारें एक-दूसरे दल को दबाने के लिए कर रही हैं। कोई दल अमेरिका के हाथ में खेल रहा है, तो कोई दल चीन के हाथ में।

भारत की संसदीय राजनीति एक बार फिर सवालों के घेरे में है। यहां राजनीतिक दलों और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्राप्त बेहिसाब अधिकार के दुरूपयोग की जिस तरह की दुनियावी खबरें मिल रही हैं, उससे पक्ष-विपक्ष दोनों की सियासी भूमिका संदेह के घेरे में है। सुलगता सवाल है कि जब राजनीतिक दलों और उनके द्वारा ही राष्ट्रीयता विरोधी कार्रवाई की जाएगी, राष्ट्रवाद की अवधारणा को मुंह चिढ़ाते हुए जनविरोधी फैसले लिए जाएंगे और कानून बनाए जाएंगे तो फिर इसकी निष्पक्ष जांच कौन करेगा?

चूंकि भारत में जिन दलित, आदिवासी और पिछड़े मतदाताओं का बहुमत है, उनकी कानूनी शिक्षा व राजनीतिक साक्षरता उस स्तर की नहीं है, जो किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए जरूरी है। इसलिए उन्हें आरक्षण, जातिवाद और साम्प्रदायिकता जैसे मुद्दों पर सियासी समूहों द्वारा बरगलाया जाता है और जनविरोधी-राष्ट्रविरोधी कुकृत्य संपादित किये जाते हैं, इसलिए प्रबुद्ध सिविल सोसाइटी का जगना बदलते वक्त की मांग है, अन्यथा देश को पुनः गुलाम होने से कोई नहीं रोक सकता।

सच कहूं तो जैसे मुगल शासक बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के दांवपेंच को नहीं समझ पाए और अंग्रेजों के हाथों अपनी सत्ता गंवा दी, कुछ उसी तरह की भूल हमारी निर्वाचित सरकारें एक-दूसरे दल को दबाने के लिए कर रही हैं। कोई दल अमेरिका के हाथ में खेल रहा है, तो कोई दल चीन के हाथ में। कोई पार्टी अरब मुल्कों के प्रभाव में है तो कोई पार्टी यूरोपीय देशों के प्रभाव में। यह अनुचित है और इससे बचने का एक मात्र रास्ता है कि हमलोग आओ कानून-कानून खेलें वाली प्रवृत्ति से बचें।

बेहतर तो यही होगा कि जैसे पूरे देश में एक समान मताधिकार कानून है, उसी तरह से हरेक मुद्दे पर एक समान कानून बने। इसमें जाति, भाषा, क्षेत्र, सम्प्रदाय, लिंग अथवा वर्ग मूलक आदि के नजरिए से कोई विभिन्नता पैदा नहीं की जाए और इस मामले में ब्रितानी नीतियों का ट्रू कॉपी समझे जाने वाले हमारे संविधान में अपेक्षित संशोधन किए जाएं। अन्यथा तर्क पर कुतर्क भारी पड़ेगा। लोकतंत्र महज भीड़तंत्र बनकर रह जाएगा। इसे सभ्य तन्त्र में तब्दील करना दिवास्वप्न बन जायेगा। अमूमन, चुनावों में धनबल के बढ़ते प्रयोग और उस धन को एकत्रित करने के लिए राजनीतिक दलों व उनके प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न स्तरों पर किए जाने वाले नीतिगत समझौते से ही भारत और भारतीयों दोनों का भविष्य प्रभावित होने लगे और मुट्ठी भर अभिजात्य लोगों की चांदी हो जाए तो फिर क्या किया जा सकता है। ये बातें मैं इसलिए छेड़ रहा हूँ कि इस बारे में सत्ता पक्ष और विपक्ष में, जो तू-तू, मैं-मैं होती रहती है, उससे अक्सर संशय पैदा होती है।

चूंकि इस आत्मघाती सियासी प्रवृत्ति को रोकने में हमारी उच्च पदस्थ कार्यपालिका और न्यायपालिका दोनों विफल रही है, इनके विश्लेषण में मीडिया की भूमिका भी पक्षपाती और अभिजात्य वर्गीय हितों की संरक्षक प्रतीत हुई है, इसलिए इन तमाम मामलों की निष्पक्ष जांच और अपेक्षित समतामूलक कार्रवाई के लिए 卐न्यायपालिका, कार्यपालिका, मीडिया और सिविल सोसाइटी के प्रबुद्ध, उच्च योग्यताधारी, समाजसेवा में अनुभवी और वैचारिक साख रखने वाले व्यक्तियों की एक जिम्मेदार स्वतंत्र एजेंसी卐 बनाये जाने और इनके प्राप्त निष्कर्षों पर जनमत सर्वेक्षण कराए जाने की जरूरत है, ताकि भारतीय संसद द्वारा बनाए गए राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और जनविरोधी कानूनों की समीक्षा समय-समय पर की जा सके। ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है कि बहुमत के जुगाड़ में राजनीतिक दल जो कुछ भी फैसले लिए गए हैं या लिए जाते हैं, या लिए जाने वाले हैं उससे साफ दृष्टिगोचर हो रहा है कि ये कहीं पर निगाहें, कहीं पर निशाना की तर्ज पर कार्य कर रहे हैं। लिहाजा, सभ्य समाज के निर्माण में इनकी भूमिका भी पक्षपाती प्रतीत होती आई है। वहीं, हमारी संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष की मिलीभगत से विभिन्न बहुराष्ट्रीय कम्पनियों और स्वार्थपरक पेशेवर या सामाजिक-आर्थिक दबाव समूहों के हित में जो कानून बनाए गए हैं, उससे आम भारतीय यानी आम आदमी के दूरगामी हितों पर कुठाराघात पहुंचा है। इसलिए जनहित के विरोध में जो फैसले लिए गए हैं, तत्सम्बन्धी कानून बनाए गए हैं, उन्हें बदलवाने में भी उपर्युक्त एजेंसी की भूमिका को सार्थक बनाने की दरकार है।

इन बातों को समझने-समझाने के लिए यहां पर एक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा हूँ। मसलन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार 20 फरवरी को कहा है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भारत में किसी और को सत्ता में लाना चाहते थे। साथ ही उन्होंने एक बार फिर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारत को 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर आवंटित करने के बाइडन प्रशासन के फैसले पर सवाल उठाया। लिहाजा, इस मामले को लेकर भाजपा और कांग्रेस पुनः आमने-सामने आ गई हैं।

# महाकुंभ के बहाने सनातन के अपमान की पराकाष्ठा

यूपी में समाजवादी पार्टी ने तो महाकुंभ के खिलाफ एक नियमित अभियान ही चला दिया है। सपा के प्रवक्ता टीवी चैनलों पर कह रहे है कि हम विरोधी दल हैं हमारा तो काम ही सरकार से व्यवस्थाओं पर सवाल करना है। तो सरकार पर सवाल करो ना, सनातन पर क्यों कर रहे हो?

प्रयागराज में दिव्य- भव्य महाकुंभ के आयोजन की तैयारियों के समय से ही इंडी गठबंधन के सभी दलों के नेता किसी न किसी बहाने इसकी आलोचना कर रहे थे किन्तु इसके सफलतापूर्वक संचालित होते हुए देखने के बाद तो वो इसको विफल करने के लिए तरह तरह के प्रयास कर रहे हैं और अपने वक्तव्यों से महाकुम्भ मेले की आड़ में सनातन धर्म और हिन्दू आस्था का निरंतर अपमान कर रहे हैं। खडगे के क्या कुम्भ में नहाने से गरीबी दूर होगी, से शुरू हुआ ये अपमान अब महाकुम्भ को मृत्यु कुम्भ कहने तक जा पंहुचा है। बिहार के चारा घोटाले के मुख्य आरोपी न्यायपालिका की दया से जमानत पर बाहर घूम रहे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने महाकुंभ को फालतू का कुंभ कहा और फिर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी सीमाओं को पार करते हुए महाकुंभ को मृत्युकुंभ कह डाला जिससे संपूर्ण हिंदू समाज आक्रोशित है।

मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में अंधे हो चुके इन सभी दलों के नेताओं को यह महाकुंभ इसलिए रास नहीं आ रहा है क्योंकि यह अब तक का सर्वाधिक सफल महाकुंभ बनने जा रहा है। इस महाकुंभ से सनातन हिंदू समाज की एकता का जो ज्वार उभरा है उससे मुस्लिम परस्त दलों को अपना भविष्य अंधकारमय दिख रहा है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस प्रकार से महाकुंभ को मृत्युंकुभ कहा है उससे यह साफ प्रतीत हो रहा है कि उन्हें अब 2026 में राज्य के विधानसभा चुनावों में संभावित हिन्दू एकता से भय लगने लगा है।

## भारत की कृत्रिम बुद्धिमता ( एआई ) क्षेत्र की सफलता: किफायती नवाचार के साथ भविष्य को सशक्त बनाना

भारत कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) में एक परिवर्तनकारी क्रांति देख रहा है, और इस बदलाव के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व है। भारत के इतिहास में पहली बार, सरकार प्रत्यक्ष रूप से एक एआई क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है, जहां कंप्यूटिंग पावर, ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) और शोध के अवसर किफ़ायती कीमत पर उपलब्ध हैं।

मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है कि एआई सिर्फ़ कुछ खास लोगों के लिए न हो और इस पर बड़ी तकनीकी कंपनियों और वैश्विक दिग्गजों का वर्चस्व न हो। विशेष नीतियों के ज़रिए, मोदी सरकार छात्रों, स्टार्टअप और इनोवेटर्स को विश्व स्तरीय एआई क्षेत्र तक पहुंचने में सक्षम बना रही है, जिससे वास्तव में समान अवसर मिल रहे हैं। चाहे वह इंडिया एआई मिशन हो या एआई के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना। मोदी सरकार की ये सभी पहल देश के एआई क्षेत्र को बेहतर बनाने का इरादा रखती हैं।

आइए एक नज़र डालते हैं कि मोदी सरकार भारत को वैश्विक एआई दिग्गज बनाने के लिए क्या कर रही है:

इंडियाएआई मिशन: एआई को सुलभ बनाने में अग्रणी भूमिका

भारत के एआई क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मोदी सरकार ने 2024 में 10,300 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ इंडियाएआई मिशन को मंजूरी दी। अगले पांच वर्षों में यह निर्धारित निधि इंडियाएआई मिशन के विभिन्न घटकों को गति प्रदान करने के लिए तैयार है।

एक उच्च-स्तरीय सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा द्वारा समर्थित, इंडिया एआई मिशन अब भारतीय भाषाओं का उपयोग करके भारतीय संदर्भ के लिए स्वदेशी एआई कार्यक्रमों को लोकप्रिय बनाने करने के करीब है। एआई मॉडल की शुरुआत लगभग १०० जीपीयू की कम्प्यूटेशन सुविधा से हो रही है। इसमें जल्द ही शेष 8693 जीपीयू जोड़े जाएंगे।

जीपीयू आधारभूत ढांचा और खुला जीपीयू बाजार

इंडिया एआई मिशन के लॉन्च होने की 10 माह की अवधि में, नोडल मंत्रालय जबर्दस्त प्रतिक्रिया प्राप्त करने और लगभग 18,693 ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट, जीपीयू की एक उच्च-स्तरीय और मजबूत सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा बनाने में सक्षम रहा है। यह ओपन सोर्स मॉडल डीपसीक की तुलना में लगभग नौ गुना और चैटजीपीटी की तुलना में लगभग दो तिहाई है। मोदी सरकार ने उल्लेखनीय रूप से, भारत के जीपीयू बाज़ार को खोलने की शानदार पहल की है और यह भारत में जीपीयू बाज़ार खोलने वाली पहली सरकार है, जिससे छोटे स्टार्टअप, शोधकर्ता और छात्र उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। जबकि प्रमुख देशों में एआई बाज़ार पर अक्सर बड़े उद्योग दिग्गजों का दबदबा होता है। मोदी सरकार अगले कुछ दिनों में देश में संस्थाओं को एआई विकास के लिए 18,000 उच्च-स्तरीय जीपीयू-आधारित कंप्यूट सुविधाएं उपलब्ध कराएगी और उनमें से 10,000 पहले से ही उपलब्ध हैं। सरकार ने 10 कंपनियों का भी चयन किया है जो 18,693 जीपीयू की आपूर्ति करेंगी।

## अद्भुत और चमत्कारिक है रावण द्वारा रचित शिव तांडव स्त्रोत, जानिए जाप करने का लाभ

शिव तांडव स्त्रोत को रावण तांडव स्त्रोत के नाम से भी जाना जाता है। इस स्त्रोत की रचना रावण द्वारा की गई है। शिव तांडव स्त्रोत में रावण ने 17 श्लोकों से भगवान भोलेनाथ की स्तुति की गई है। एक बार दशानन रावण ने अहंकारवश कैलाश पर्वत उठाने का प्रयास किया था। तब शिव जी ने अपने पैर के अंगूठे से पर्वत को दबाकर स्थिर कर दिया था। जिसकी वजह से रावण का हाथ कैलाश पर्वत के नीचे दब गया था। तब पीड़ा में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए भगवान शिव की स्तुति की थी।

दशानन रावण द्वारा गाई गई यह स्तुति शिव तांडव स्त्रोत के नाम से जानी जाती है। अन्य किसी भी पाठ की तुलना में शिव तांडव स्तोत्र का पाठ भगवान शिव को अधिक प्रिय है। शिव तांडव स्त्रोत का पाठ करने से भगवान शिव जल्दी प्रसन्न हो जाते हैं और इस स्त्रोत को काफी चमत्कारिक माना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको शिव तांडव स्त्रोत के फायदे और इसका पाठ करने की विधि के बारे में बताने जा रहे हैं। बता दें कि जो मनुष्य शिवतांडव स्त्रोत द्वारा भगवान भोलेनाथ की स्तुति करता है, उस पर महादेव प्रसन्न होते हैं। नियमित रूप से शिव तांडव स्त्रोत का पाठ करने से जातक को कभी धन-संपदा की कमी नहीं होती है।

## वैश्विक स्तर पर मोदी और प्रादेशिक फलक पर डंका बजाते मोहन

अरुण पटेल

एक ओर जहां अमेरिका सहित वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का डंका बज रहा है तो वहीं प्रदेश के फलक पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और मुख्यमंत्री को पक्का भरोसा है कि उद्योगों के प्रति मित्रवत नीति एवं नवाचार से प्रदेश में निवेश के विस्तार को पंख लग जायेंगे और यह एक नया औद्योगिक हब बनेगा। अभी तक मध्यप्रदेश की औद्योगिक और आर्थिक राजधानी के रुप में इंदौर तथा संस्कारधानी के रुप में जबलपुर की पहचान थी, अब औद्योगिक राजधानी के रुप में ताल-तलैयों व शैल-शिखरों की नगरी भोपाल को भी एक नई पहचान मिलने जा रही है। इन प्रयासों को जमीनी धरातल पर उतारने में डॉ. यादव महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की व्हाइट हाउस में बड़े ही गर्मजोशी के साथ मुलाकात हुई और न केवल दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया बल्कि ट्रम्प ने यह भी माना कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को मिस किया है। टेरिफ मामले को लेकर मोदी की प्रशंसा प् करते हुए उन्होंने मोदी को एक टफ नेगोशिएटर निरुपित किया। इस अवसर हुई बैठक में भारत-अमेरिका व्यापार, रक्षा सहयोग और आतंकवाद विरोधी रणनीति के साथ ही साथ ऊर्जा साझेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि दोनों देशों ने अगले पांच वर्षों में आपसी व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा और रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत धरातल पर उतारने के मामले में अपनी सहमति जताई। अमेरिका और भारत ने इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने का फैसला किया है और दोनों देशों ने आतंकवादी संगठनों के वित्त पोषण को रोकने, खुफिया जानकारी साझा करने, वैश्विक आतंकवाद को राकने में सहयोग बढ़ाने की बात कही। ट्रम्प का कहना था कि कट्टरपंथी आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतरा है और इसे रोकने के लिए दोनों देशों का गठबंधन महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि अमेरिका में भारतीय समुदाय की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लॉस एंजिलिस और बॉस्टन में नये भारतीय वाणिज्य दूतावास खोले जायेंगे। इससे भारतीय प्रवासियों को कांसुलर सेवाओं का लाभ मिलेगा और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यावसायिक संबंध और मजबूत होंगे। अमेरिका में अडानी समूह को लेकर पूछे गये सवाल पर मोदी ने जो उत्तर दिया उसको लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में सवाल पूछो तो चुप्पी और विदेश में पूछो तो निजी मामला। अमेरिका में भी पीएम मोदी ने अडानी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया।

## भगवान शंकर के श्रृंगार में मानों पूरी सृष्टि का योगदान था

भगवान शंकर के सुंदर श्रृंगार में मानों संपूर्ण सृष्टि का ही योगदान हो रहा था। उनके पावन दिव्य तन पर भस्म का लेपन भी हो चुका था। गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं, कि भगवान शंकर के अब तक ऐसे भिन्न-भिन्न श्रृंगार हो चुके थे-

अर्थात शिवजी के सुंदर मस्तक पर चनद्रमा, सिर पर गंगाजी, तीन नेत्र, साँपों का जनेऊ, गले में विष और छाती पर नरमुण्डों की माला थी। इस प्रकार उनका वेष अशुभ होने पर भी वे कल्याण के धाम और कृपालु हैं। भगवान शंकर के मस्तक पर चन्द्रमा को सुशोभित कर दिया गया। किसी ने पूछा, कि हे भोलेनाथ! आपने उस चन्द्रमा को सीस पर स्थान क्यों दिया, जो कि मन की भाँति चँचल है। गौतम नारि अहल्या का जिसने शील भँग करने का कुप्रयास किया हो, क्या उसे सीस पर सजाना उचित है? भगवान शंकर प्रश्नकर्ता की यह जिज्ञासा सुन मुस्करा पड़े। तब उन्होंने बताया कि समुंद्र मंथन के पश्चात, अमृत कलश को लेकर, जब असुर और देवताओं में संघर्ष हो रहा था, तो राहु चन्द्रमा का वध करने के लिए उसके पीछे लगा था।

# विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र

भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है।

देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है।

देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके।

भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटना को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है।

भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह पर जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है। भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो 'फोर्सेज का ट्रांसमिशन' यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़-भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है।

ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी. ।14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी। 13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी।

इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटना हो चुकी है। 28 सितंबर 2002 को लखनऊ में बसपा की रैली से वापस घर लौटते समय ट्रेन की छत पर चढ़ने से चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई थी। 13 नवंबर 2004 को नई दिल्ली स्टेशन पर छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाले ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलने से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर मची भगदड़ में चार यात्रियों की मौत हुई थी। 03 अक्टूबर 2007 को मुगल सराय जंक्शन पर भगदड़ मचने के कारण 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेला के दौरान रेलवे जंक्शन पर भगदड़ मचने से 38 लोगों की मौत हो गई थी।

# -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर थोड़े उलझन में रहेंगे। आज आपके मन में कुछ नया करने की इच्छाएं जागृत होंगी। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिस्थिति के अनुसार अपना व्यवहार रखें।

वृष राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है। इस राशि की महिलाएं नए कपड़े खरीदने के लिए शॉपिंग के लिए जा सकती हैं।

मिथुन राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दांपत्य रिश्ते में नई ताजगी महसूस करेंगे। आज पहले किये हुए किसी कार्य का लाभदायक परिणाम मिलाने से आपको खुशी होगी। राजनीति से जुड़े लोगों आज जन संपर्क कर सकते हैं।

कर्क राशि : आज का दिन महत्त्वपूर्ण रहेगा। आपकी सारी इच्छाएं पूरी होंगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ शादी फिक्स हो सकती है।

सिंह राशि : आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके मन में बहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आएंगी। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। बेहतर होगा आज सामानों की लिस्ट बनाकर ही बाजार जाएं।

कन्या राशि: आज आपका दिन सुनहरे पल लेकर आया है। आज परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं काम करने में आसानी होगी।

तुला राशि : आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज आपको किसी अपनो से धन की प्राप्ति होगी।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके रुके हुए काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आज कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे।

धनु राशि : आज का दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के राजनीतिक नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आप लवमेट को रिंग गिफ्ट कर सकते हैं।

मकर राशि : आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाने से आपको प्रसन्नता होगी। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं।

कुंभ राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नए प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आज आप जो भी सोचेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी।

मीन राशि : आज का दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होगा। कार्यस्थल पर लोगों द्वारा प्राप्त हो रही जानकारी का इस्तेमाल अपने काम को बेहतरीन बनाने के लिए करने की आवश्यकता है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार, महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में महायुति गठबंधन की जीत प्रामाणिक शिवसेना और एनसीपी के लिए जनता के समर्थन का संकेत देती है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को धनराशि वितरित करते हुए एक समारोह में अमित शाह ने नई सरकार का समर्थन करने के लिए महाराष्ट्र के लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिवसेना और राकांपा के भीतर वास्तविक गुटों पर जनता के स्पष्ट निर्णय पर जोर दिया।

# विदेशी एजेंसियों के लिए टूल की तरह काम कर रहे हैं राहुल गांधी : अमित मालवीय

नई दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्ववर्ती जो बाइडेन प्रशासन पर भारत में आम चुनाव को प्रभावित करने के आरोप के बाद भारतीय जनता पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर विदेशी एजेंसियों के लिए टूल की तरह काम करने का आरोप लगाया है। अमित मालवीय ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राहुल गांधी का एक पुराना वीडियो साझा करते हुए आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भारत के हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं। यह वीडियो मार्च 2023 का है, जिसमें वह लंदन में एक साक्षात्कार में बोल रहे हैं।

राहुल गांधी कह रहे हैं, आश्चर्यजनक बात यह है कि लोकतंत्र के तथाकथित रक्षक, जिनमें अमेरिका और यूरोपीय देश शामिल हैं, इस बात से अनभिज्ञ दिखते हैं कि लोकतांत्रिक मॉडल का एक बड़ा हिस्सा खतरे में है, और यह वास्तविक समस्या है। हम विपक्ष में उस लड़ाई को लड़ रहे हैं और यह सिर्फ भारत की लड़ाई नहीं है, यह उससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण लड़ाई है।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी इस इंटरव्यू में अमेरिका और यूरोपीय देशों से भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने लिखा, वह (राहुल गांधी) भारत के रणनीतिक और भू-राजनीतिक हितों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करने वाले वैश्विक नेटवर्कों के अनुरूप काम कर रहे हैं और विदेशी एजेंसियों के लिए एक टूल बन गए हैं।

अमित मालवीय ने लिखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात की पुष्टि की है कि वास्तव में भारत के चुनाव को प्रभावित करने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जगह किसी और को सत्ता में लाने की कोशिश की गई थी। इसके साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो वीडियो साझा किए हैं। एक में वह एक परिवार विशेष पर विदेशी शक्तियों को भारत में दखल देने के लिए उकसाने और दूसरे में विदेश ताकतों पर भारत के चुनाव को प्रभावित करने का आरोप लगा रहे हैं। अमित मालवीय ने 6 मई 2024 का एक वीडियो शेयर किया है। इसमें पीएम मोदी एक निजी टेलीविजन चैनल को साक्षात्कार दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं देख रहा हूं कि पूरी दुनिया भारत के चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है, जो कि उनको नहीं करना चाहिए। वे अपनी राय नहीं रख रहे हैं, अपनी टिप्पणी नहीं कर रहे हैं, वे प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन भारत में प्रभावित नहीं कर पाएंगे।

पीएम मोदी का दूसरा वीडियो 7 मई 2023 का है। कर्नाटक में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, यह परिवार खुले तौर पर भारत में राजनीति को प्रभावित करने के लिए विदेशी शक्तियों को दखल देने के लिए उकसाते हैं। ये लोग कैसे गुप्त रूप से भारत को पसंद न करने वाले विदेशी राजनयिकों के साथ गुप्त रूप से मिलते हैं। अब देश को इन सारी बातों का पता है। ये ऐसे काम करते हैं, जिससे बार-बार भारत की संप्रभुता का अपमान होता है।

**मायावती साथ देतीं तो भाजपा कभी चुनाव नहीं जीत पाती - राहुल गांधी**

रायबरेली (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से कांग्रेस के सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हम चाहते थे कि मायावती हमारे साथ मिलकर चुनाव लड़ें। अगर तीनों पार्टियां एक साथ चुनाव लड़तीं, तो भाजपा कभी नहीं जीत पाती।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी बात की।

राहुल गांधी ने कहा कि कांशीराम ने नींव रखी। बहनजी ने काम किया। यह मैं भी मानता हूं। मेरा सवाल है, बहन जी (मायावती) आज तक कोई चुनाव ठीक से क्यों नहीं लड़ीं? हम चाहते थे, बहन जी भाजपा के विरोध में हमारे साथ चुनाव लड़ें। लेकिन, मायावती जी किसी न किसी कारण से नहीं लड़ीं। इस बात का हमें काफी दुख है। अगर तीनों पार्टियां एक साथ चुनाव लड़तीं, तो भाजपा कभी नहीं जीतती। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के पास सुविधाओं का अभाव था, फिर भी उन्होंने पूरी राजनीतिक व्यवस्था को हिलाकर रख दिया था।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवार रेखा गुप्ता नई दिल्ली के रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह में।




कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने पार्टी मुख्यालय, इंदिरा भवन, नई दिल्ली में कांग्रेस महासचिवों और रा%य प्रभारियों की बैठक की अगुवाई की।

# हम इन्हीं आंखों से भारत को विश्व गुरु बनते देखेंगे, मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों पर जताया भरोसा, दी बड़ी जिम्मेदारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने झंडेवालान में पुनर्निर्मित 'केशव कुंज' के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कहा कि 'देश में संघ कार्य गति पकड़ रहा है, व्यापक हो रहा है। आज जिस पुनर्निर्मित भवन का यह प्रवेशोत्सव है, उसकी भव्यता के अनुरूप ही हमें संघ कार्य का स्वरूप भव्य बनाना है और हमारे कार्य से उसकी अनुभूति होनी चाहिए। यह कार्य पूरे विश्व तक जाएगा और भारत को विश्वगुरु के पद पर आसीन करेगा, ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है। और हम अपनी इसी देह, इन्हीं आंखों से बनते देखेंगे, यह विश्वास है। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों को इसके लिए पुरुषार्थ करना होगा। हमें इसके लिए कार्य को सतत विस्तार देना होगा।'

उन्होंने कहा कि आज संघ के विभिन्न आयामों के माध्यम से संघ कार्य का विस्तार हो रहा है। इसलिए अपेक्षा है कि संघ के स्वयंसेवक के व्यवहार में सामर्थ्य, शुचिता बनी रहे। आज संघ की दशा बदली है, लेकिन दिशा नहीं बदलनी चाहिए। समृद्धि की आवश्यकता है, जितना आवश्यक है उतना वैभव होना भी चाहिए, लेकिन ऐसा मर्यादा में रहकर होना चाहिए। केशव स्मारक समिति का यह पुनर्निर्मित भवन भव्य है, इसकी भव्यता के अनुरूप ही कार्य खड़ा करना होगा।

महाल की शुरुआत का जिक्र

सरसंघचालक ने इस अवसर पर संघ की शुरुआत से ही आद्य सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार जी द्वारा झेली अनेक कठिनाइयों का उल्लेख किया और नागपुर में पहले कार्यालय 'महाल' की शुरुआत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि क्योंकि दिल्ली देश की राजधानी है और सूत्रों का संचालन यहां से होता है, इसलिए यहां एक कार्यालय की आवश्यकता महसूस हुई और उस आवश्यकता के अनुसार यहां कार्यालय बनाया गया है। आज यह भव्य भवन बन जाने भर से स्वयंसेवक का काम पूरा नहीं होता। हमें ध्यान रखना होगा कि उपेक्षा और विरोध हमें सावधान रखता है, लेकिन अब अनुकूलता का वातावरण है, हमें अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कार्यालय हमें कार्य की प्रेरणा देता है, लेकिन उसके वातावरण की चिंता करना प्रत्येक स्वयंसेवक का कर्तव्य है।

संघ प्रार्थना से बढ़कर कोई मंत्र

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरी महाराज ने आशीर्वचन में कहा कि आज श्री गुरुजी की जयंती है, इसलिए पावन दिन है। आज शिवा जी महाराज की भी जयंती है। शिवाजी महाराज संघ की विचार शक्ति हैं। कांची कामकोटि पीठ के तत्कालीन शंकराचार्य परमाचार्य जी ने एक बार एक वरिष्ठ प्रचारक से कहा था कि संघ प्रार्थना से बढ़कर कोई मंत्र नहीं है। छावा फिल्म का उल्लेख करते हुए गोविंददेव गिरी जी ने कहा कि छत्रपति ने ऐसे मावले तैयार किए, जो थकते नहीं, रुकते नहीं, झुकते नहीं और बिकते भी नहीं। संघ के स्वयंसेवक छत्रपति शिवाजी के तपोनिष्ठ मावलों सरीखे ही हैं। हम हिन्दू भूमि के पुत्र हैं, संघ राष्ट्र की परंपरा को पुष्ट करते हुए राष्ट्र की उन्नति की बात करता है।

## जवान लड़के-लड़कियों को प्यार करने की आजादी होनी चाहिए : हाईकोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हाई कोर्ट ने हाल ही में कहा है कि 18 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को वैधानिक बलात्कार कानूनों के भय से मुक्त होकर रोमांटिक और सहमति-आधारित संबंध बनाने की आज़ादी होनी चाहिए। कोर्ट का तर्क है कि किशोरावस्था में सहमति से बनाए गए शारीरिक संबंधों को अपराध मानकर, इन युवाओं के भावनात्मक विकास और प्रेम के अनुभव को बाधित किया जा रहा है। जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने कहा कि यदि दोनों पक्षों के बीच संबंध सहमति से स्थापित हों और उसमें किसी भी प्रकार का शोषण या दुर्व्यवहार न हो, तो ऐसे रिश्तों को स्वीकार किया जाना चाहिए। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि कानून को युवाओं के प्रेम को सम्मान देने के लिए विकसित किया जाना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि जबकि नाबालिगों की सुरक्षा के लिए सहमति की कानूनी उम्र 18 वर्ष तय है, कानून को ऐसे रिश्तों को अपराध बनाने की बजाय, इनमें शोषण और दुर्व्यवहार को रोकने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। इससे युवा व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उनके भावनात्मक विकास को भी महत्व मिलेगा। मार्च 2024 में आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने एक 21 वर्षीय व्यक्ति को मामले में जमानत देते हुए कहा था कि अदालतें किशोर प्रेम को नियंत्रित नहीं कर सकतीं।



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान श्रद्धालु गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाते हुए।

## अखिलेश यादव ने बजट को बताया खोखला, कहा- जनता के साथ धोखा

लखनऊ (आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नव्व अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार के बजट 2025-26 को दिशाहीन और खोखला करार देते हुए कहा कि इसमें न कोई विजन है, न कोई स्पष्ट रोडमैप। प्रदेश को किस दिशा में ले जाना है, इसका जिक्र तक नहीं किया गया। भाजपा सरकार के इस नौवें बजट में उसके संकल्प पत्र से भी कोई तालमेल नहीं दिखता।प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि यह बजट महज एक बड़ा ढोल है, जिसमें अंदर से कुछ नहीं है। किसानों, युवाओं और आम जनता को लेकर सरकार की नीयत स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कटाक्ष किया कि बजट देखकर किसानों की उम्मीदों का खेत सूख गया, महिलाओं के माथे पर घर चलाने की चिंता की लकीरें गहरी हो गईं, और बेरोजगारों के सामने अंधकार छा गया। व्यापारी और कारोबारी पहले से ही मंदी की मार झेल रहे थे, अब इस बजट ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।अखिलेश यादव ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि महंगाई और बेरोजगारी को दूर करने के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है। किसानों से किए गए वादे अधूरे हैं—

# पार्टी ने मेरे लिए स्पीकर का पद तय किया है : विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह से पहले भारतीय जनता पार्टी नेता विजेंद्र गुप्ता ने आईएएनएस से कहा कि पार्टी ने उन्हें स्पीकर पद के लिए चुना है और वो कोशिश करेंगे की सदन में अपने कर्तव्यों का ठीक से पालन कर सकें।

उन्होंने कहा, आज का दिन बेहद खुशी का है। सत्ताईस साल बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार दिल्ली में सत्ता में आ रही है, और आज शपथ ग्रहण समारोह होने जा रहा है। हम सभी उस समारोह में शामिल होने के लिए वहां जा रहे हैं। मैं अपनी नई मुख्यमंत्री रेखा जी को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। शपथ ग्रहण के इस खास मौके पर पूरे मंत्रिमंडल को भी मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

उन्होंने आगे कहा, पार्टी ने फैसला किया है कि मुझे स्पीकर के पद पर नियुक्त किया जाए और मैं दिल्ली विधानसभा को नियमों व कानून के दायरे में चलाऊंगा। यह लोकतंत्र का मंदिर है और इसी भावना के साथ हमें काम करना है।

हालांकि पार्टी ने स्पीकर किसे बनाया जाएगा इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

उन्होंने कहा, हमने यमुना की सफाई को एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया है और बहुत कम समय में इसे पूरा करके दिखाएंगे।

इसके बाद उन्होंने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा, इसके अलावा मेरा मानना है कि जो चीज महल कहलाती है, वह दिल्ली की राजनीतिक परिस्थितियों में एक बदनुमा दाग है। यह किसी भी सरकार के भ्रष्टाचार का ज्वलंत उदाहरण है।

## रामनवमी मेले के दौरान श्रद्धालुओं को पानी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाई जाएगी : चंपत राय

अयोध्या (आरएनएस)। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की दो दिवसीय बैठक के दौरान आगामी रामनवमी मेले के लिए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से यहां की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। खासकर पानी की आपूर्ति को लेकर विशेष चर्चा की गई। इसके लिए जन्मभूमि पथ पर पाइपलाइन बिछाने का निर्णय लिया गया। ट्रस्ट और इंजीनियरों संग इसका मुआयना भी किया गया है।

चंपत राय ने पत्रकारों से बताया कि रामनवमी के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को लगभग एक सप्ताह तक रोकने का निर्णय लिया गया है। 6 अप्रैल को रामनवमी है और 3 अप्रैल से श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि शुरू हो जाएगी। यह माना जा रहा है कि 7 अप्रैल तक अयोध्या में भीड़ कम हो जाएगी, जिससे निर्माण कार्य फिर से शुरू किया जा सकेगा।



नागपुर में छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती पर पारंपरिक वेशभूषा में सजी लड़कियां उन्हें श्रद्धांजलि देती हुई.



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन (एएआरडीओ) की 77वीं कार्यकारी समिति की बैठक में भाग लिया।

# पंजाब के पास अन्य राज्यों को देने के लिए एक बूंद पानी भी अतिरिक्त नहीं : मान

चंडीगढ़ (आरएनएस)। रावी-ब्यास जल ट्रिब्यूनल के समक्ष राज्य के आधिकारिक पक्ष की पुरजोर वकालत करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को स्पष्ट रूप से कहा कि पंजाब के पास अन्य राज्यों को देने के लिए पानी की एक भी बूंद अतिरिक्त नहीं है। चेयरमैन जस्टिस विनीत सरन के नेतृत्व वाली ट्रिब्यूनल, सदस्य जस्टिस पी. नवीन राव, जस्टिस सुमन श्याम तथा रजिस्ट्रार रीटा चोपड़ा के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने दोहराया कि पंजाब के पास किसी अन्य राज्य के साथ साझा करने के लिए कोई अतिरिक्त पानी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि पानी साझा करने का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता और अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार पानी की उपलब्धता का पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। श्री मान ने रावी जल प्रणाली के अध्यन के लिए राज्य के दौरे पर आए ट्रिब्यूनल से अपील की कि वह पंजाब के लोगों को न्याय दिलाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के 76.5 प्रतिशत ब्लॉक (153 में से 117) की स्थिति अत्यंत गंभीर है, क्योंकि यहां भूजल निकासी की दर 100 प्रतिशत से भी अधिक है, जबकि हरियाणा में यह केवल 61.5 प्रतिशत ब्लॉक (143 में से 88) में ही अत्यधिक दोहन की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि राज्य के अधिकांश नदी स्रोत सूख चुके हैं, इसलिए पंजाब को अपनी सिंचाई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक पानी की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर है कि पंजाब में पानी की भारी कमी होने के बावजूद यह अन्य राज्यों के लिए अन्न का उत्पादन कर रहा है ताकि देश को खाद्यान्न संकट का सामना न करना पड़े।मुख्यमंत्री ने ट्रिब्यूनल को बताया कि जिस तरह रावी और ब्यास नदियां पंजाब के पुराने क्षेत्र से होकर गुजरती थीं, उसी तरह यमुना नदी भी पुनर्गठन से पहले पंजाब के क्षेत्र में से निकलती थी। लेकिन जल बंटवारे के समय पंजाब और हरियाणा के बीच यमुना के जल पर विचार नहीं किया गया, जबकि रावी और ब्यास के जल को ध्यान में रखा गया। उन्होंने कहा कि पंजाब ने कई बार यमुना के जल बंटवारे में हिस्सेदारी की मांग की है, लेकिन यह तर्क देकर इस पर विचार नहीं किया गया कि पंजाब का कोई भौगोलिक क्षेत्र यमुना बेसिन में नहीं आता। मान ने कहा कि हरियाणा रावी और ब्यास नदियों का बेसिन राज्य नहीं है, फिर भी पंजाब को इन नदियों का पानी हरियाणा के साथ साझा करने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि हरियाणा को पंजाब के उत्तराधिकारी राज्य के रूप में रावी-ब्यास का पानी मिलता है,



फराह खान होली विवाद- निर्देशक और लेखिका फराह खान के खिलाफ हिंदू त्यौहार होली से जुड़ी टिप्पणी को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। खान अपने पाककला शो, सेलेब्रिटी मास्टरशेफ 2025 के नवीनतम एपिसोड में होली को छपरी का त्यौहार% कहने के बाद मुश्किल में पड़ गई हैं।



# सलाम-ए-इश्क में एक सीन करने के दौरान डर गईं थीं अंजना सुखानी, बोलीं- जबरदस्ती करना पड़ा



निखिल आडवाणी की फिल्म सलाम-ए-इश्क में नजर आईं अभिनेत्री अंजना सुखानी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि फिल्म के सेट पर उनका अनुभव बहुत खराब रहा। अंजना ने कहा कि निखिल उनके साथ बहुत बुरे और स्ट्रिक्ट रहे। उन्होंने बताया कि बिना किसी पूर्व चेतावनी के लिए अनिल कपूर के साथ किसिंग सीन करने के लिए मजबूर किया गया।

अंजना ने कहा कि उन्हें इस मांग को मानसिक रूप से समझने का कोई समय नहीं दिया गया और उनके आसपास के लोगों ने शायद यह मान लिया कि वे नई आईं हैं, इसलिए कुछ भी करने से मना नहीं करेगी। अंजना ने कहा कि वह रोना चाहती थीं और उन्हें ऐसा नहीं लगा कि उनके पास मना करने की शक्ति है इसलिए वह मान गईं।

अंजना ने कहा कि जब कोई नया इंडस्ट्री में आता है, तो दूसरे लोग सोचते हैं कि वे उनके साथ बुरा व्यवहार करके बच सकते हैं क्योंकि उन्हें इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या स्टार किड्स के साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया जाता है तो अंजना ने जबरदस्ती करवाए गए किसिंग सीन के बारे में बात की। अंजना ने कहा, मुझे किस के बारे में अंत तक नहीं बताया गया, जब तक कि हम सीन करने के लिए सेट पर नहीं गए, मुझे नहीं बताया गया। एक स्टार किड के साथ ऐसा नहीं होगा, है न?

अंजना से इस बारे में सवाल उठाने को लेकर सवाल किए गए तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा करने की स्थिति में थी। मैं घबराई हुई थी, अभिभूत थी, मेरे आस-पास कोई भी नहीं था जिससे मैं इस बारे में किसी से बात कर पाती। मुझे बस इतना बताया गया कि तुम्हें यही करना है।

### भारत की पहली मल्टीवर्स फिल्म मल्टीवर्स मनमधन में सुपरहीरो बनेगा साउथ स्टार निविन पॉली, फर्स्ट लुक आया सामने

भारत सुपरहीरो वाली फिल्में पसंद करने वालों की संख्या करोड़ों में हैं और ऐसे ही सिनेमालवर्स के लिए अब साउथ इंडिया की तरफ से बड़ा एलान हुआ है. क्योंकि भारत की पहली मल्टीवर्स फिल्म का फर्स्ट लुक आउट हो गया है. फिल्म का नाम है मल्टीवर्स मनमधन. आइए जानते हैं कौन सा साउथ स्टार इसमें सुपरहीरो बनेगा और कैसी होगी फिल्म.भारत की पहली मल्टीवर्स फिल्म में मलयालम स्टार निविन पॉली सुपरहीरो बनेगें. मल्टीवर्स मनमधन में निविन लीड रोल प्ले करने के लिए तैयार हैं. पॉली ने खुद इसकी घोषणा अपने सोशल मीडिया पर की है. फर्स्ट लुक पोस्टर करते हुए निविन ने लिखा, यह मेरे दिल के बहुत करीब है, भारत की पहली मल्टीवर्स सुपरहीरो फिल्म, मल्टीवर्स मनमधन की

### सिकंदर से सलमान खान का नया पोस्टर आउट, इंटेंस लुक में दिखे भाईजान

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की मोस्ट अवेटेड मास एक्शन फिल्म सिकंदर के प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला का बर्थडे है. इस बाबत सलमान ने साजिद नाडियाडवाला को बीती रात को जन्मदिन विश कर दिया. सलमान ने साजिद को बर्थडे विश कर फिल्म सिकंदर के सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है. इस तस्वीर में सलमान खान सिकंदर लुक में दिख रहे हैं और साथ में साजिद नाडियाडवाला भी नजर आ रहे हैं. बता दें, सलमान और साजिद अपने फैंस को सिकंदर से बड़ा सरप्राइज देने का वादा किया था, जो पूरा कर दिया है. फिल्म सिकंदर से सलमान खान का नया पोस्टर रिलीज हो गया है.

पहले आपको बता दें कि सलमान खान ने साजिद खान को बर्थडे विश करते हुए लिखा है,

## इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहन प्रज्ञा जैसवाल ने दिए सिजलिंग पोज, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स हुए बेकाबू

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने लुक्स को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने बोल्ड और हॉट लुक्स से सोशल मीडिया पर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। उनका ग्लैमरस लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल जब भी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना हुआ है। जिसमें डीपनेक ब्लाउज और ऊपर से श्रग पहन कर उन्होंने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।



गले में नेकलेस, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है।

प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। वो भले ही इन दिनों फिल्मों में नहीं दिखाई दे रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी फोटोज से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं।

## जिद्दी गर्ल्स का ट्रेलर रिलीज, रोमांस और ड्रामा से भरी है फिल्म कहानी, 27 फरवरी स्त्रप्नह प्राइम वीडियो पर होगी रिलीज

भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन डेस्टिनेशन, प्राइम वीडियो, ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित ओरिजिनल सीरीज़ जिद्दी गर्ल्स का रोमांचक ट्रेलर रिलीज़ किया. यह सीरीज़ युवाओं की दुनिया का बेहतरीन संगम है, जिसमें बीते दौर की मधुर यादों और आज के दौर की ताजगी का खूबसूरत मेल है. प्रीतिश नंदी कम्युनिकेशंस लिमिटेड के बैनर तले बनी इस सीरीज़ के निर्माता प्रीतिश नंदी हैं, जबकि इसे रंगिता प्रीतिश नंदी और इशिता प्रीतिश नंदी ने क्रिएट किया है. निर्देशन की कमान शोनाली बोस ने संभाली है, और इसे वसंत नाथ व नेहा वीणा शर्मा ने लिखा और निर्देशित किया है. कॉलेज लाइफ की मस्ती, चुनौतियों और भावनात्मक उतार-चढ़ाव को पर्दे पर जीवंत करने के लिए इस शो में प्रतिभाशाली नए कलाकारों अतिया तारा नायक, उमंग भदाना, ज़ैना अली, दिया दामिनी और अनुप्रिया करौली को शामिल किया गया है.

इनके साथ ही मशहूर कलाकार सिमरन, नंदिता दास, नंदीश सिंह संधू, लिलेट दुबे और रेवती भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. आठ-एपिसोड की यह ओरिजिनल सीरीज भारत में प्राइम वीडियो पर और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 27 फरवरी को हिंदी में अंग्रेजी उपशीर्षक के साथ प्रीमियर के लिए तैयार है. जिद्दी गर्ल्स का ट्रेलर दर्शकों को सीधे मैटिल्डा हाउस कॉलेज (जिसे एमएच भी कहा जाता है) की दुनिया में ले जाता है, जहां परंपराओं की गहरी जड़ें हैं, लेकिन बदलाव भी अनिवार्य है. एक नई, बेखौफ पीढ़ी यहां कदम रखती है, जो सत्ता को चुनौती देने, बाधाओं को तोड़ने और अपने भविष्य के लिए लड़ने के लिए तैयार है. जैसे-जैसे महत्वाकांक्षाएं विरोध से टकराती हैं, तनाव बढ़ता है और पूरा कैंपस विचारधाराओं के संघर्ष का अखाड़ा बन जाता है, लेकिन इस उथल-पुथल के बीच हंसी के पल भी हैं,

## छावा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 4: छत्रपति संभाजी महाराज का क्रेज बरकरार, 200 करोड़ी क्लब में शामिल होने के लिए तैयार

विक्की कौशल की हिस्टोरिकल ड्रामा छावा बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है, और इसका क्रेज कम होने का नाम नहीं ले रहा है. लक्ष्मण उटेकर की निर्देशित फिल्म ने दुनियाभर में जहां 2 दिनों में 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है, वहीं, घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फाइटर जैसी फिल्म को पछाड़े हुए पहले वीकेंड में 100 करोड़ से ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म की लिस्ट में शामिल हो गई. फिल्म की असली परीक्षा पहले सोमवार को हुई, जिसमें फिल्म खरी उतरी है. हालांकि, सोमवार 17 फरवरी को छावा की कमाई में गिरावट आई है, लेकिन फिल्म डबल डिजिट में कमाई करने में सफल रही है.

14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना की डिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा छावा ने पहले दिन 33.10 करोड़ रुपये की कमाई. वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 39.30 करोड़ रुपये के साथ दर्शकों के दिलों पर छाई रही. छावा का क्रेज संडे को काफी देखने को मिला. तीसरे दिन छावा ने 49.03 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. हालांकि 50 करोड़ रुपये से यह चूक गई लेकिन तीन दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही. जी हां, पहले वीकेंड में ही छावा ने भारत में 121.43 करोड़ रुपये का टोटल कलेक्शन किया.

छावा की असली परीक्षा पहले मंडे को हुआ, जिसमें वह खरी उतरी. सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, छावा ने भारत में अपने पहले सोमवार को 24 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया, जिससे शुरुआती अनुमानों के आधार पर इसकी कुल कमाई 145.43 करोड़ रुपये हो गई. उम्मीद है कि यह मंगलवार को 150 करोड़ का आंकड़ा आसानी से पार कर जाएगी. वहीं, बुधवार को यानी रिलीज के 5वें दिन हॉलीडे (छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती) में फिर से रिकॉर्ड तोड़ कमाई देखने को मिल सकती है. अगर यह अनुमान सही रहा तो छावा 5 दिनों में भारत में 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा आसानी से पार कर जाएगी.

छावा ने चौथे दिन भी बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़े हैं. सैकनिल्क रिपोर्ट के मुताबिक, छावा ने रणवीर सिंह की सिंबा (2018), पीके, धूम 3 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है. सिंबा ने पहले मंडे टेस्ट में 21.24 करोड़ रुपये, पीके ने 21.22 करोड़ रुपये और धूम 3 ने 2091 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था.

सैकनिल्क के अनुसार, छावा अपने शुरुआती वीकेंड में दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 164.75 करोड़ रुपये कमाकर इस साल की सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है. फिल्म ने 3 दिनों में विदेशों में 25 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है.

छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में मुख्य भूमिका में हैं, जो कि श्रद्धेय छत्रपति शिवाजी महाराज के वीर पुत्र हैं. यह फिल्म मराठा साम्राज्य को मुगल शासक औरंगजेब से बचाने के लिए उनके वीरतापूर्ण युद्ध को दर्शाती है.

### माल तेरा मार्केट मेरी, लंच बॉक्स में ड्रग्स सप्लाई, 5 मजबूर महिलाओं की डब्बा कार्टेल का ट्रेलर रिलीज

एक लंचबॉक्स सर्विस के रूप में शुरू होने वाली डब्बा कार्टेल की कहानी जल्द ही क्राइम, धोखे और अस्तित्व के खतरनाक खेल में बदल जाती है. नेटफ्लिक्स के डब्बा कार्टेल का ट्रेलर पांच मिडिल क्लास की महिलाओं के जीवन पर रोशनी डालता है जिसमें उनका टिफिन सर्विस का बिजनेस खतरनाक मोड़ लेता है और उन्हें एक हाई-स्टेक वाले ड्रग कार्टेल की दुनिया में धकेल देता है. ट्रेलर में मुंबई के ठाणे में 5 महिलाओं का एक ग्रुप टिफिन सर्विस चलाता है. हालांक इसके पीछे एक बड़ा खतरनाक सस्पेंस छुपा हुआ है. क्योंकि ये महिलाएं टिफिन सर्विस की आड़ में ग्राहकों तक ड्रग्स पहुंचा रही हैं. लेकिन जल्द ही इसका खुलासा हो जाता है और ये महिलाएं बड़ी दुविधा में फंस जाती है. जाहिर तौर पर ट्रेलर काफी दिलचस्प है और सीरीज भी एंटरटेनिंग लग रही है. जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, महिलाएं और उनके पति खुद को

## रूट कैनाल के बाद दांतों की देखभाल बेहद जरूरी, जानें क्यों?



रूट कैनाल के बाद दांतों की देखभाल ना केवल उस दांत को स्वस्थ रखती है जिसका उपचार हुआ है, बल्कि पूरे मुंह के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाती है. लेकिन इस प्रक्रिया के बाद चिकित्सक द्वारा बताई गई सावधानियों का पालन करना और दांतों की नियमित देखभाल करना बहुत जरूरी है. याद रखें, दांतों की सही देखभाल ना केवल आपकी मुस्कान को बचाती है, बल्कि आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाती है

जरूरी है रूट कैनाल के बाद दांतों की विशेष देखभाल

रूट कैनाल एक सामान्य डेंटल प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य खराब दांत का उपचार करना और उसे बचाना तथा दर्द से राहत दिलाना होता है. इस प्रक्रिया को लेकर लोगों में यह आम धारणा देखी जाती हैं कि रूट कैनाल के बाद दांत पूरी तरह ठीक हो जाते हैं और उनकी देखभाल की जरूरत नहीं होती है. लेकिन असल में, इस प्रक्रिया के बाद दांतों को अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता होती है. रूट कैनाल के बाद अगर चिकित्सक द्वारा बताई गई सावधानियों का पालन ना किया जाए, तो दांतों में गंभीर समस्याएं हो सकती हैं. हेल्थ केयर विशेषज्ञ बताते हैं कि रूट कैनाल एक डेंटल प्रक्रिया है, जिसका मुख्य उद्देश्य संक्रमित या क्षतिग्रस्त दांत को बचाना होता है. जब दांत के अंदर मौजूद नरम ऊतक (जिसे पल्प कहा जाता है) संक्रमण या चोट के कारण खराब हो जाता है, तो डॉक्टर इसे हटाकर दांत को साफ करते हैं. इसके बाद दांत के अंदर की जगह को भरकर सील कर दिया जाता है. दांत को सील करके क्राउन (सुरक्षा कवच) लगाया जाता है ताकि दांत मजबूत बना रहे. यह प्रक्रिया दांत को निकालने से बचाने का एक प्रभावी तरीका है. रूट कैनाल के बाद खराब दांत को निकालने की जरूरत नहीं पड़ती, और यह लंबे समय तक उपयोगी बना रहता है लेकिन इस प्रक्रिया के कुछ प्रभाव भी रहते हैं जैसे उपचार किए गए दांत की संवेदनशीलता कम हो जाती है क्योंकि रूट कैनाल के बाद दांत में नसें नहीं रहतीं. वहीं रूट कैनाल के बाद दांत की संरचना भी कमजोर हो जाती है, इसलिए इसे सुरक्षित रखने के लिए क्राउन लगाना जरूरी है.वह बताते हैं कि इस प्रक्रिया के बाद दांतों को विशेष देखभाल की जरूरत होती हैं. यदि ऐसा ना किया जाए तो कई तरह की समस्याएं परेशान कर सकती हैं, जैसे रूट कैनाल के बाद दांत की सही देखभाल ना करने से आसपास के दांत भी प्रभावित हो सकते हैं, उचित सफाई ना होने पर बैक्टीरिया दांतों में संक्रमण फैला सकते हैं तथा दांतों के आसपास सूजन या मसूड़ों में दर्द हो सकता है. वहीं चूंकि इस प्रक्रिया के बाद दांत कमजोर हो जाते हैं ऐसे में उनके दांत टूटने का खतरा भी बढ़ जाता है.वह बताते हैं कि हालांकि रूट कैनाल एक सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया है, लेकिन इसके बाद दांतों की विशेष देखभाल जरूरी होती है. सही देखभाल से आप अपने दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ और मजबूत रख सकते हैं. इसके लिए कुछ बातों व सावधानियों का पालन करना बेहद जरूरी हैं

## रोजाना पपीते का सेवन हार्ट समेत इन समस्याओं में हो सकता है फायदेमंद



पपीता एक ऐसा फल है जिसकी डिमांड हर मौसम में रहती है. इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व आपके पूरे शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं. पपीता कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी9, पोटैशियम और मैग्नीशियम एक बेहतरीन स्रोत है. जो शरीर को अंदर से मजबूत और पाचन तंत्र को हेल्दी रखता है. आइए जानते हैं कि रोजाना सुबह खाली पेट पपीता खाने से पाचन तंत्र समेत किन-किन समस्याओं से राहत दिला सकता है आइए जानते हैं पपीता खाने के फायदे के बारे में...

ये हैं रोजाना खाली पेट पपीता खाने के फायदे-

बाल और स्किन के लिए फायदेमंद

पपीता कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, विटामिन्स, पोटैशियम और मैग्नीशियम एक बेहतरीन स्रोत है. जो आपके बाल और त्वचा की चमक को बढ़ाने में मदद करता है. साथ ही रोजाना पपीता खाने से कोलेजन (प्रोटीन ) का उत्पादन भी शरीर में बढ़ता है. इसके अलावा यह इम्यून सिस्टम को मज़बूत करता है.

ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखता है

पपीते में पाया जाने वाला पोटैशियम एक खनिज है, जो ब्लड प्रेशर, मांसपेशियों की इम्यून सिस्टम को मज़बूत बनाए रखने में मदद करता है. साथ ही पपीते में पाया जाने वाले विटामिन बी कोशिका विभाजन, डीएनए संश्लेषण, और भ्रूण के विकास में अहम भूमिका निभाता है. हार्ट हेल्थ के लिए बेहद लाभकारी पपीता कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी9, पोटैशियम और मैग्नीशियम एक बेहतरीन स्रोत है, जो हार्ट हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है. साथ ही ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में भी सहायक साबित हो सकता है.

### अक्षय कुमार का गाना महाकाल चलो जारी, शिवलिंग से लिपटे दिखे अभिनेता

महाशिवरात्रि से पहले अभिनेता अक्षय कुमार का गाना महाकाल चलो रिलीज हो गया है। दिलचस्प बात यह है कि महाकाल को समर्पित यह गीत अक्षय ने पलाश सेन और विक्रम मोंट्रो के साथ मिलकर गाया है। इसके बोल शेखर अस्तित्व ने लिखे हैं। गाने का निर्देशन गणेश आचार्य ने किया है। महाकाल चलो में अक्षय भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। गाना गाते हुए वह शिवलिंग से लिपटे दिखाई दे रहे हैं। अक्षय ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर महाकाल चलो गाना साझा किया है।

## शब्द सामर्थ्य - 332

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 331 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना कटंगी में राहुल ककोड़िया उम्र 34 वर्ष निवासी लखनादौन सिवनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वज मजदूरी करता है आज वह एवं उसके साथ काम करने वाले मोनू मंसूरी, मिठाईलाल अहिरवार, रामशरण अहिरवार, शील कुमार अहिरवार के साथ मजदूरी के काम से दमोह से कटंगी बस से आये और कटंगी से ग्राम बिंदली गये थे ग्राम बिंदली से वापस आते सयम कोई साधन न मिलने से हम लोग बिंदली से पैदल पैदल कटंगी आ रहे थे





समरसता सेवा संगठन ने संत गाडगे जी एवं शबरी माता जयंती पर किया विचार गोष्ठी और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

# वैदिक काल से संतो, समाज और जनमानस में रहा समरसता का भाव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वैदिक काल से ही समरसता का भाव समाज में, संतो में और जनमानस में रहा है और हमारे संतो ने एक उद्देश्य और मिशन को लेकर कार्य किया और वह उद्देश्य किसी जाति विशेष के लिए नही रहा है यह बात डॉ अखिलेश गुमस्ता ने समरसता सेवा संगठन द्वारा संत गाडगे जी एवं शबरी माता की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी और प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर टिंबर भवन मदनमहल में कही।

समरसता सेवा संगठन द्वारा मुख्य अतिथि डॉ अखिलेश गुमास्ता, मुख्य वक्ता होम साइंस कॉलेज प्राचार्य डॉ समीर शुक्ला, विशिष्ट अतिथि श्री डीसी अहिरवार, श्रीमती देवश्री मोदी, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव उज्ज्वल पचौरी की उपस्थिति में विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अखिलेश गुमास्ता ने अपने संबोधन में कहा श्री रामचरित मानस में हमने पढ़ा है कि भगवान श्रीराम को लेने ऋषि विश्वामित्र को जाना पड़ा था किंतु माता शबरी से मिलने भगवान स्वयं उनकी कुटिया में पहुंचे थे, यह शबरी की प्रतीक्षा, सेवा, त्याग, समर्पण और गुरु शिष्य के भाव के प्रति आदर का प्रतिफल था, यह अपने आप में समरसता का अद्‌तीय उद्धरण है। कार्य कोई भी हो यदि समाज प्रेरित हो जिसमे आत्म उत्थान न होकर समाज उत्थान का भाव हो वह कार्य श्रेष्ठ होता है और हमारे संतो महात्माओं ने समाज को दिशा देने का भाव हो हमेशा रखा और इसी से उनका संतत्तव भाव भी था।

उन्होंने कहा आज के समय में भी भेदभाव और छुआछूत का भाव समाज में व्याप्त है और समरसता का भाव जन जन में जागृत करने हेतु आज विचारो को देने के साथ ही अपने अंदर भी समरसता के भाव लाने की आवश्कता है तब एक सुंदर और संगठित समाज की स्थापना होगी। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ समीर शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा सनातन संस्कृति में जो ऋषि परंपरा रही है उसी क्रम में संत गाडगे जी महाराज से त्याग की परंपरा का निर्वहन करते हुए कार्य किया और समाज को विचार दिए। संत पुरुषों के मन में छोटा बड़ा, ऊंचा नीचा का कोई भेद नहीं होता है ऐसे हो हमारे संत हुए है। माता शबरी ने भी समरसता का अनुपम उदाहरण दिया जो हर युग में उद्धरण है उनका त्याग, सेवा और भक्ति से हम सीख मिलती है। उन्होंने कहा हमारी संस्कृति में अनेक संत हुए सभी ने अपने अपने काल में सामाजिक समरसता का संदेश दिया उनका हमे अनुपालन करना चाहिए। उन्होंने कहा हमारे समाज में जाति की व्यवस्था कब आई? इसका विचार हमे करना होगा तब हम समरसता की ओर बढ़ सकते है। देखने में आता है विदेशी आक्रांताओं ने समाज में कुरुतिया पैदा हुई जो कालांतर में जाति भेद में बदल गई। किंतु हमारी सनातन परंपरा। में सभी को समाहित किया है चाहे वह साकार हो निराकार हो, आस्तिक हो नास्तिक हो या द्वैत, अद्वैत हो सभी को साथ लेकर चलना हमारी संस्कृति रही है इसीलिए जाति भेद की बात तो हमारी परंपरा कभी रही ही नही है सभी सामाजिक समरसता के साथ रहते थे और आगे भी यह भेद खतम करके पुन: समरस भाव से समर्थ देश के निर्माण में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम की अतिथि श्रीमती देवश्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा समरसता की बात हम आज कर रहे यह कोई नई बात नही बल्कि युगों से समरसता का भाव रहा है और इसका सबसे श्रेष्ठ उदाहरण माता शबरी और भगवान श्रीराम का है। समरसता का यह भाव आज जन मानस के बीच पहुंचाने का कार्य समरसता सेवा संगठन संदीप जैन जी के नेतृत्व में कर रहा है, यह अनुकरणीय कार्य है। आज संत गाडगे जी महाराज की जयंती भी है इन्होंने बाबा साहब अम्बेडकर, ज्योतिबा फूले के समकाल में समाज को जागृत करने का कार्य किया जिसमे बाल शिक्षा, स्त्री शिक्षा, स्वच्छता के लिए कार्य किया। विशिष्ट अतिथि डीसी अहिरवार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा बाबा साहब अम्बेडकर के साथ ही हमारे संत महात्माओं ने कहा कि जिस देश में जाति समाज का भेदभाव होगा इस देश में धूर्वीकारण होता रहेगा इसीलिए आप सभी से आग्रह है सब मिलजुल का एक समान भाव से साथ रहे यह हमारा प्रयास होना चाहिए। कार्यक्रम की प्रस्तावना और स्वागत उद्बोधन देते हुए संगठन अध्यक्ष श्री संदीप जैन ने कहा कार्यक्रम की प्रस्तावना तो एक लाइन की है कि सब सबको जाने और सब सबको माने, इसी उद्देश्य को लेकर हमने आप सभी के सहयोग से शुरुआत की थी और समरस भारत से समर्थ भारत की ओर बढ़ने में अपना योगदान देने का प्रयास कर रहे है। हमारे आराध्य देवी महापुरुषों वीरों और संतो ने जो विचार और दर्शन दिया वह सम्पूर्ण समाज को दिया, उन्होंने किसी जाति समाज विशेष का मार्गदर्शन नही किया अपितु सभी के मंगल के लिए अपने विचार दिए और यही हमारा प्रयास है कि उन सभी महापुरुषों और देवियों के भावों को सभी के बीच पहुंचाए, इसी क्रम में आज माता शबरी और संत गाडगे जी महाराज की जन्म जयंती पर हम एकत्र हुए है। संगठन वक्ता के रूप में सरदार परमवीर सिंह ने संत गाडगे जी और माता शबरी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विचार व्यक्त किए। सम्मान - कार्यक्रम के दूसरे चरण में एड दयाराम रजक, शंकरलाल गोटिया, केशलाल रजक, अशोक कोल, राहुल रजक, आरडी रजक, प्रह्लाद रजक, प्रेमनारायण बाथरे, मुन्ना लाल रजक, अजय रजक, रिंकू रजक, संतोष रजक, सुरेश भगोरिया, राहुल रजक, संदीप बाथरे, गोविंद प्रसाद रजक, रविंद्रनाथ दुबे, जितेंद्र रजक, मुकेश रजक, सुरेंद्र रजक, अनुज रजक, विजय रजक, आकाश रजक, दिनेश रजक, सुश्री काजल रजक, सुश्री उमा रजक, राजकुमार रजक, आयुष्मान रजक, शुभम रजक, ओंकार रजक, विवेक रजक, महेश रजक का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शरद ताम्रकार एवं आभार उज्ज्वल पचौरी ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर रमेश सोंधिया, सहेंद्र श्रीवास्तव, हरीश नामदेव, दीपक तिवारी, राकेश गुप्ता, कौशल सूरी, सुरेश पांडे, चंद्रशेखर शर्मा, मनीष यादव, धीरेंद्र मिश्रा, मनीष राव, श्याम सुंदर अग्रवाल, मंगेश गोंटीया, प्रवीण डोंगरे, राजेश शर्मा, महेश स्थापक आदि उपस्थित थे।



रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड वार रूम में जाकर महाकुंभ के लिए प्रयागराज से चलाई जा रही विभिन्न गाड़ियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष-सह-मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सतीश कुमार को यात्रियों की सुविधा के लिए सभी जरूरी उपाय करने संबंधी निर्देश दिया।

महाकुंभ प्रयागराज जाने वाले विभिन्न प्रदेशों के यात्री रुक रहे। मानवता की सेवा कार्य सच्ची सेवा.. राजमणि सिंह बघेल

# बारह दिनों से हाईवे सड़क किनारे लगातार चल रहा भंडारा




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सिहोरा...राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जबलपुर सिहोरा हाईवे सड़क मार्ग पर गांधीग्राम तिराहे पर मानव सेवाभाव का अनूठा उदाहरण देखने को मिल रहा है यहां पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल के संयोजन में लगातार 12 दिवसों से दिन और रात में जहां महाकुंभ प्रयागराज जाने आने वाले यात्रियों को स्वल्पाहार, भोजन, चाय, पानी का वितरण किया जा रहा है, वहीं जो यात्री रात्रि के समय यात्री नि:शुल्क विश्राम भी कर रहे हैं रात्रि विश्राम करने वाले यात्रियों के लिए प्रसाधन, सोने के कपड़े, स्नान हेतु व्यवस्था आदि का प्रबंध भी किया गया है।

12 दिवसों से लगातार किया जा रहा भंडारा.... हाइवे सड़क किनारे आयोजित इस भंडारे में भारत के विभिन्न प्रदेशों मध्यप्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक सहित अनेक प्रदेशों के महिला पुरुषों की बड़ी संख्या में यात्रियों ने इस भंडारे में भोजन ग्रहण कर मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहे हैं। *एक बार में हजारों लोगों का बन रहा खाना.... भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल द्वारा भंडारे कार्यक्रम में भोजन बनाने के लिए ऐसे बर्तन की उपलब्धता कराई गई है कि 5 हजार लोगों का खाना एक साथ बन जाता है , जहां खाना के तैयार किया जाता है वहां भक्तों की टीम सेवाकार्य में लगी हुई है । यहां पर लगे तीन बड़े कड़ाह में पहले कड़ाह में चावल तैयार हो रहा था। इसमें एक बार में एक से 50किलो चावल तैयार हो जाता है। बड़ी करहैयों में एक बार में 50 पूरियों निकलती हैं। यह क्रम दिनभर और देर रात तक जारी रहता है इस संबंध में भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने कहा कि महाकुंभ प्रयागराज जाने वाले यात्रियों के लिए इस सहयोग और सेवाभाव से उन्हें, उनके परिवार और पूरी टीम को आत्मिक सुख प्राप्त हो रहा है। श्री बघेल ने कहा है कि मानवता की सेवा करना ही सच्चा धर्म है। *विधायक भी पहुंचे भंडारे में... हाइवे सड़क मार्ग तिराहा गांधीग्राम में बारह दिनों से लगातार चल रहे भंडारे में भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल,पाटन विधायक अजय बिश्नोई , पनागर विधायक इंदु तिवारी, सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े, नीरज सिंह ठाकुर परिवार सहित पहुंच चुके हैं।

# महाकुंभ को भव्य और दिव्य बनाने में में रेलवे की अग्रणी भूमिका

तीर्थयात्रियों ने 14 हजार से ज्यादा ट्रेनों का लिया लाभ।

अभी तक 3.6 करोड़ श्रद्धालुओं को कुंभ एरिया में हैंडल किया गया। 92त्न ट्रेनें मेल, एक्सप्रेस, सुपर-फास्ट, पैसेंजर और मेमो श्रेणी की रहीं, जबकि 472 राजधानी और 282 वंदे भारत ट्रेनें संचालित हुईं।

50त्न ट्रेनें उत्तर प्रदेश से शुरू हो के प्रयागराज एरिया को आयी जबकि दिल्ली से 11त्न, बिहार से 10त्न और महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान व गुजरात जैसे अन्य राज्यों से 3-6त्न ट्रेनें आईं

नई दिल्ली: आस्था के महासागर प्रयाग तीर्थ के संगम तट पर चल रहे महाकुंभ के विराट आयोजन में ऐसे तो तमाम विभागों और एजेंसियों ने अपनी-अपनी भूमिकाओं का निर्वाह किया, लेकिन इसमें रेलवे की भूमिका निसंदेह अग्रणी है। इस विशाल आयोजन में रेलवे ने जिस तरह पूरे देश भर से तीर्थयात्रियों को प्रयाग की पुण्यभूमि तक पहुंचने में मदद की, वह न सिर्फ अभूतपूर्व है, बल्कि रेल संचालन की दृष्टि से कई मामलों में अनोखा रिकार्ड भी बना है। हालांकि महाकुंभ अब समापन की ओर है, लेकिन एक अनुमान के मुताबिक करीब डेढ़ माह के इस आयोजन में 12 से 15 करोड़ तीर्थयात्रियों ने ट्रेन यात्रा का लाभ कही ना कन्ही उठाया। दूसरे शब्दों में महाकुंभ के करीब एक चौथाई तीर्थयात्रियों ने प्रयागराज या अग़ल बग़ल के प्रमुख शहरों तक पहुंचने में ट्रेनों की ही मदद ली। इस बार प्रयागराज के महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के संकल्प को पूरा करने में रेलवे ने आगे बढ़कर भूमिका निभाई। यह बताने की जरूरत नहीं कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले अपने देश में रेलवे पर कितना दवाब है। ऐसे में महाकुंभ के आयोजन से बहुत पहले से ही रेलवे अपनी कार्ययोजना को मूर्त रूप देने में जुट गया था। इसके तहत देश के विभिन्न हिस्सों से तीर्थयात्रियों की अनुमानित संख्या के हिसाब से ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई। साथ ही महाकुंभ को दौरान भीड़ बढ़ने की स्थिति में आपात योजना भी बनाई गई। आम दिनों में ट्रेनों में रहने वाली भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने इसके लिए विशेष उपायों को अपनाया। इसके तहत किसी एक रूट, ट्रेन या बड़े स्टेशन पर दवाब को हटाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए। तीर्थयात्रियों की संख्या और मांग के अनुरूप एक के बाद एक विशेष ट्रेनें चलाई गईं।

यह आंकड़ा थोड़ा विस्मित भी करता है कि महाकुंभ की शुरुआत से लेकर अब तक 13,667 ट्रेनें तीर्थयात्रियों को लेकर प्रयागराज और उसके अन्य स्टेशनों तक पहुंचीं। इनमें 3,468 विशेष ट्रेनों की सुरुअत कुंभ एरिया से हुई, एवं 2008 ट्रेनों कुंभ एरिया बाहर से आयी, बाक़ी 8,211 नियमित ट्रेनें थीं। शहर में प्रयागराज समेत कुल नौ स्टेशन हैं, जहां ट्रेनों का आवागमन हुआ। अकेले प्रयागराज स्टेशन पर ही पांच हजार ट्रेनें का लाभ श्रद्धालुओं को मिला। प्रयागराज एरिया के किस स्टेशन से कितनी ट्रेनों की सुभिधा मिली (इसमें कुछ ट्रेन्स कई स्टेशनों पे रुक कर श्रद्धालुओं को ले कर चली)। आंकड़ों की बात करें तो प्रयागराज स्टेशन से 5,332 ट्रेनें, नैनी स्टेशन से 2,017 ट्रेनें, प्रयागराज छिवकी स्टेशन से 1,993 ट्रेनें, सूबेदारगंज स्टेशन से 4,313 ट्रेनें, झूसी स्टेशन से 1207 ट्रेनें, प्रयागराज रामबाग स्टेशन से 764 ट्रेनें, प्रयाग स्टेशन से 1326 ट्रेनें, प्रयागराज संगम से स्टेशन 515 ट्रेनें एवं फांफामऊ स्टेशन से 1010 ट्रेनें का लाभ मिला है। इसी प्रकार कुम्भ के दौरान मेला स्पेशल ट्रेनों कि जानकारीके अनुसार स्टेट वाइस आंकड़ों में उत्तर प्रदेश में 6,436 ट्रेनें, दिल्ली से 1,343 ट्रेनें, बिहार से 1,197 ट्रेनें, महाराष्ट्र से 740 ट्रेनें, वेस्ट बंगाल से 560 ट्रेनें, मध्य प्रदेश से 400 ट्रेनें, गुजरात से 310 ट्रेनें, राजस्थान से 250 ट्रेनें, असाम 180 ट्रेनें, छत्तीसगढ़ से 101ट्रेनों का लाभ मिला है।

## दुर्लभ वस्तुओं की प्रदर्शनी दीप धरोहर आज

जबलपुर। पाथेय संस्था के तत्वावधान में श्री दीपचंद विनोदिया द्वारा संग्रहित दुर्लभ वस्तुओं की एक दिवसीय प्रदर्शनी दीप-धरोहर आज 23 फरवरी को प्रात: 11 बजे से रात्रि तक कला वीथिका में आयोजित है। संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि प्रदर्शनी में देश-विदेश की मुद्राएँ, संगीत, साहित्य, धर्म-अध्यात्म, संस्कृति से सम्बन्धित दुर्लभ वस्तुओं को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही पिछले 25 वर्षों में अखबार में प्रकाशित नगर की संस्थाओं के विविध आयोजनों के समाचार भी प्रद?र्शित किए जाएंगे

प्रदर्शनी की शुभारंभ श्रीमती दुर्गा चौबे, श्रीमती प्रतिभा वर्मा, शर्मीला मुखर्जी, माया पाण्डे, रंजना गुप्ता,शोभा सिंह, अंजना सक्सेना करेंगी।

# कब्रिस्तान में सड़क निर्माण का भूमिपूजन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पूर्व विधानसभा के ठक्कर ग्राम वार्ड के अंतर्गत मडी मदार टेकरी कब्रिस्तान मै खजुर वाले बाबा से गेट नम्बर 3 एवं विभिन्न रोड निर्माण किया जा रहा है विधायक श्री लखन घनघोरिया जी पार्षद गुलाम हुसैन जी के द्वारा रोड का निर्माण कराया जा रहा है जिसमे पार्षद गुलाम हुसैन जी का गुड्डू बाबा तससीर हुसैन बाबा सईद मंसूरी का स्वागत किया गया और अपनी दुआओं से नवाजा जिसमे शामिल रहें फिरदौस अंसारी समाजसेवी गुलाम जिलानी मेहबुब अंसारी शाहिद खान कदीर भाई शेख शेरू कल्लू चाचा सरफारज भाई समीम भाई तो तोफिक भाई टीपू सुलतान सोहैल मोनू जैद टीपू भाई कल्लू शाहरुख इमरान और सभी लोगों ने पार्षद गुलाम हुसैन जी को आपनी नेक दुआएं से नवाजा और पार्षद साहब का स्वागत किया जिसमे पार्षद गुलाम हुसैन जी ने क्षेत्रीय जन का अभार व्यक्त किया।

# पीएम श्री जेएनवी डोंगरगढ़ में कला और गणित का अद्भुत संगम



डोंगरगढ़,- पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़ में बैगलेस डे के अवसर पर शिक्षा को रोचक और रचनात्मक बनाने की अनूठी पहल की गई। इस पहल के तहत गणित प्रयोगशाला में शिक्षक श्री अशोक कुमार बिसेन के मार्गदर्शन में कक्षा 11वीं के छात्रों ने कला-संवर्धित और खेल-खेल में सिखाने वाले मॉडल तैयार किए, जिन्होंने गणित के जटिल विषयों को सरल और आकर्षक ढंग से समझाया। इन मॉडलों ने न केवल त्रिकोणमितीय फलन, बायनॉमियल थ्योरम, स्ट्रेट लाइन्स, सेट्स, रिलेशन और फंक्शन्स जैसे विषयों को आसान बनाया, बल्कि छात्रों के इलेक्ट्रॉनिक और रोबोटिक्स कौशल को भी निखारने का अवसर दिया। अटल टिंकरिंग लैब की मदद से बनाए गए इन मॉडलों में 3ष्ठ मॉडल्स, गणितीय पहेलियाँ और इंटरएक्टिव गेम्स शामिल थे, जिन्होंने छात्रों की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता को नए आयाम दिए। इसके साथ ही, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट परियोजनाओं के तहत अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग करके ऐसे मॉडल बनाए गए, जो न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हैं, बल्कि गणितीय अवधारणाओं को व्यावहारिक रूप से समझाते हैं। इस पहल ने एनईपी 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप व्यावहारिक शिक्षा, नवाचार और तार्किक सोच को बढ़ावा दिया। विद्यालय के प्राचार्य श्री रूपेन्द्र सिंह और उप-प्राचार्य श्री संजय कुमार मंडल ने श्री अशोक कुमार बिसेन के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि उनके द्वारा तैयार किए गए मॉडलों ने न केवल बच्चों के लिए जटिल विषयों को आसान बनाया, बल्कि खेल-खेल में सीखने का एक नया तरीका प्रस्तुत किया।

# वीयू- पशु स्वास्थ्य उपचार एवं गर्भावस्था निदान एवं कीटनाशक उपयोग पर जागरुकता शिविर का आयोजन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व मैं पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर द्वारा भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् द्वारा वित्त पोषित अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत गोद लिए गए गांव कालादेही जबलपुर ब्लॉक जबलपुर जिले में एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य उपचार, गर्भावस्था निदान एवं पशुओं में कीटनाशक उपयोग पर जागरूकता शिविर का आयोजन शुक्रवार, 22-02-25 को किया गया। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के उद्देश्यों के अनुरूप मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति समुदाय के किसानों एवं अन्य पशुपालकों को भी शिविर में कीटनाशों के उपयोग के बारे मैं जानकारियों, मानव जाति एवं पशुओं में होने वाली ज्यूनोटिक बिमारियों व अनसूचित जाति उपयोजना के उद्देश्य के बारे मैं बताया गया । साथ ही अनुसूचित जाति उपयोजना के जरूरतमंद लाभार्थियों के लिए पोल्ट्री फीडर और वाटरर भी उपलब्ध कराए गए। अभियान में कुल 39 ग्रामीणों परिवारों ने भाग लिया एवं 12 मुर्गिओं , 46 गायों व 16 बकरियों का इलाज किया व दवाइयों दी गयी ।

इसके साथ ही भावी पशुचिकित्सको को ग्रामीण परिवेश के विश्लेषण के विभिन्न टूल्स जैसे की सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन विधि आदि की व्यावहारिक शिक्षा महाविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा दी गयी 7 इस शिविर एवं जागरुकता अभियान का संचालन एवं आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर. के. शर्मा एवं निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. सुनील नायक के नेतृत्व एवं वैज्ञानिकों डॉ.रुचि सिंह, डॉ क्षेमंकर, डॉ बृजेश सिंह, डॉ निधि गुप्ता, डॉ राहुल शर्मा, डॉ सुभ्रदल नाथ, डॉ गिरिराज गोयल क्षेत्रीय सहायक आशीष यादव एवं महाविद्यालय के छात्रों यश योगी, सुधीर कड़ोदिया, युवराज जाट, सुग्रीव धाकड़, खुशी साहू, हर्ष मेश्राम, भानु शिवहरे, हर्ष पटले, दिनेश, वेदान्त चौरे की सक्रिय सहभागिता द्वारा संपन्न किया गया शिविर के संचालन एवं क्रियान्वयन में पशुचिकित्सक कालादेही डॉ.देवोश्री भौमिक, गौसेवक नितेश मेहरा, रामकृपाल मेहरा, के.के.पांडेय जी का सराहनीय सहयोग रहा।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना अधरताल में कृष्णा कालोनी सुहागी में एक व्यक्ति द्वारा फासी लगा लेने की सूचना पर पहुँची पुलिस को श्रीमती रीता सिंह उम्र 46 वर्ष निवासी कृष्णा कालोनी सुहागी अधारताल ने बताया कि उसके पति स्व. दिनेश कुमार सिंह सेना से रिटायर्ड थे वर्ष 2021 में बीमारी से खत्म हो गये हैं उसके 2 बेटे हैं बड़ा बेटा बिशाल सिंह एवं छोटा बेटा विवेक सिंह है। विवेक सिंह इंदौर में रहकर नौकरी करता है बड़ा बेटा विशाल सिंह उसके साथ घर पर ही रहता है जो शराब पीने के आदि था व कई प्रकार के नशा करता था

# बाइक की टक्कर लगने से मोटर साइकल सवार युवकों की मौत, कुण्डम रोड पर हादसा

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। कुण्डम रोड पर देर रात मोटर साइकल की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों के शरीर पर गंभीर चोटें आई. खून से लथपथ हालत में पड़े युवकों को देख राह चलते लोगों ने एम्बुलेंस से शासकीय अस्पताल पहुंचाया. जहां पर दोनों युवकों को जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. पुलिस अधिकारियों के अनुसार ग्राम सरसंवा कुण्डम निवासी रामजीत यादव उम्र 31 वर्ष मनेरी पोड़ी (परफेक्ट पोल्ट्री) फार्म में नौकरी करता रहा. रामजीत अपने जीजा से मिलकर मोटर साइकल से अपने दोस्त तिवारी उइके के साथ घर जाने के लिए निकला. दोनों जब ग्राम टुरका चिथरा नाला से आगे बढ़ रहे थे. इस दौरान पीछे से आए मोटर साइकल सवार युवक ने टक्कर मार दी. मोटर साइकल की टक्कर लगने से दोनों बाइक सहित उछलकर सामने की गिरे, जिससे उनके सिर, हाथ, पैर व चेहरे पर गंभीर चोटें आई. राह चलते लोगों ने देखा तो एम्बुलेंस से कुण्डम के शासकीय अस्पताल पहुंचाया. जहां पर दोनों को जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए, जिन्होने पूछताछ के बाद आरोपी मोटर साइकल चालक की तलाश शुरु कर दी है. वहीं खबर मिलते ही परिजन भी पहुंच गए थे, जिन्होने दोनों को देखा तो फूट-फूटकर रोए. घटना के बाद इस रोड पर जाम के हालात निर्मित हो गए थे, पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाया, इसके बाद यातायात शुरु हो सका.

**मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश**

थाना गोहलपुर में हसनैन रजा उम्र 38 वर्ष निवासी गाजीनगर नेशनल स्कूल के पास गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि समदड़िया माल मे जॉब करता है आज दोपहर लगभग 3-45 बजे उसके घर के सामने सड़क पर सुरक्षा की दृष्टि में ब्रेकर का निर्माण कर रहा था तभी पडौस में रहने वाला बबलू किराना वाले एवं उनका लड़का नसीम, नसीम का भाई, नसीम का दोस्त समीर आकर उसे गाली गलौज करते हुये बोले कि यहां ब्रेकर नहीं बनाओगे, इसी बात को लेकर विवाद हो गया, उसने गालियां देने से मना किया तो ब्रेकर को राड एवं पत्थरों से तोड़ दिये

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को ग्रेज्युटी भुगतान की याचिका विचारार्थ स्वीकार**

**जबलपुर-** मध्यप्रदेश में कार्यरत् डेढ़ लाख से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सेवानिवृत्ति के उपरांत ग्रेज्युटी का लाभ दिये जाने की मांग के लिये म.प्र. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन (एंटक) द्वारा मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका को विचारार्थ स्वीकार करते हुये न्यायमूर्ति श्री संजय द्विवेदी द्वारा मध्यप्रदेश शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग को चार सप्ताह में जबाव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है । याचिकाकर्ता यूनियन की ओर से अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव ने पक्ष प्रस्तुत करते हुये तर्क दिया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्रेज्युटी के पात्र हैं परन्तु उन्हें उक्त अधिकार से वंचित किया जा रहा है ।

# पत्नी ने दोस्त के साथ मिलकर हड़पे 38 लाख रुपए, सोने के जेवर, नौकरी लगवाने का दिया झांसा

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। जबलपुर स्थित आस्था अपार्टमेंट राइट टाउन मदनमहल क्षेत्र में रहने वाले आदित्य मिश्रा की शासकीय पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर पत्नी व उसके दोस्त ने 38 लाख रुपए व सोने के जेवर हड़प लिए. पत्नी व उसके दोस्त द्वारा रुपए लेने के बाद भी जब नौकरी नहीं मिली तो आदित्य मिश्रा ने थाना पहुंचकर पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी. जिसपर मदनमहल पुलिस ने पूजा दुबे एवं आकाश नेमा द्वारा मिलकर सरकारी नौकरी लगवाने का कहते हुये कुल 38 लाख रूपये लेकर तथा घर के पुस्तैनी एवं शादी के सोने की ज्वेलरी खुर्दबुर्द कर धोखाधड़ी करना पाये जाने पर पूजा दुबे एवं आकाश नेमा के विरूद्ध धारा 318(4), 316(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. पुलिस अधिकारियों के अनसुार आदित्य मिश्रा उम्र 30 वर्ष निवासी आस्था अपार्टमेंट राईट टाउन मदनमहल ने लिखित शिकायत थी कि वह प्राईवेट काम करता है. उसकी शादी नरसिंहपुर निवासी पूजा दुबे के साथ वर्ष 2021 में हुई थी. पत्नि पूजा दुबे ने बताया कि आकाश नेमा निवासी नरसिंहपुर का फैमली मेम्बर की तरह है. आकाश सरकारी नौकरी लगवाता है, आकाश नेमा का उसके घर आना जाना रहता था. आकाश नेमा ने 6 अप्रेल 2022 को आकाश नेमा ने घर आकर पटवारी में एवं पूजा दुबे को संविदा वर्ग-02 में सरकारी नौकरी लगवाने की बात कही तो उसने अपनी एवं पत्नि की सरकारी नौकरी लगाने हेतु अपने एक्सिस बैंक के खाता से आकाश नेमा के इंडस्लेंड बैंक के खाता में 17 अगस्त 2022 से 7 फरवरी 2024 तक कुल 38 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए. आदित्य के पिता रूद्रप्रसाद एवं बहन गोल्ड लोन हेतु अपने घर के पुस्तैनी सोने की ज्वेलरी को एसबीआई बैंक शाखा गोटेगांव में लेकर गए. जहॉ चैक कराने पर पुस्तैनी ज्वेलरी नकली होना पायी गयी तब उसके पिता रूद्र प्रसाद मिश्रा द्वारा उससे कहा गया कि शादी के जेवर कहां हैं उन्हें भी चैक करवा लो तो उसने शादी के सोने के जेवर ज्वेलरी शॉप में चैक करवाये जो नकली सोने की ज्वेलरी होना ज्ञात हुआ. पूजा दुबे एंव आकाश नेमा द्वारा सरकारी नौकरी लगाने का कहते हुये कुल 38 लाख रूपये ले लिये तथा शादी के सोने के जेवर एवं घर के पुस्तैनी सोने के जेवर को खुर्दबुर्द कर नकली जेवर रख दिया एवं व्हाटसएप चैट के माध्यम से उसे धमकी दी गयी है.

# महाकुंभ के अंतिम चरण में बढ़ेगा श्रद्धालुओं का दबाव, एक्शन में रेलवे, ट्रेन के टाइम पर ही स्टेशन में मिलेगा प्रवेश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। महाकुंभ के अंतिम चरण में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अब टिकट होने पर ही यात्रियों को प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए जबलपुर जंक्शन के साथ ही कटनी और सतना स्टेशन में तैयारी कर ली गई है। इस सप्ताहांत से लेकर महाशिवरात्रि तक तीनों रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर वाणिज्य और सुरक्षा कर्मियों की अतिरिक्त संख्या में तैनाती होगी। यात्रियों की टिकट का परीक्षण कर, संबंधित समय पर ट्रेन होने पर ही उन्हें प्रवेश दिया जाएगा। यह कवायद प्लेटफार्म पर यात्रियों की भीड़ को बेकाबू होने से रोकने के लिए गया है। हाल ही में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में यात्रियों का भार बढ़ने पर दुर्घटना घटित होने के बाद पश्चिम मध्य रेल में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। जबलपुर रेल मंडल के जबलपुर, कटनी और सतना रेलवे स्टेशन प्रयागराज रेल मार्ग पर स्थित है।

रेलमार्ग पर महाकुंभ आरंभ होने के बाद प्रत्येक ट्रेन और स्टेशन में श्रृद्धालुओं की भीड़ बनी हुई है। प्लेटफार्म पर अचानक भीड़ बढ़ने से व्यवस्थाएं अनियंत्रित हो जाती है। दुर्घटना के खतरें को टालने के लिए प्लेटफार्म पर भीड़ एकत्रित होने से रोकने की योजना बनाई गई है। स्टेशन में एक ही द्वार से यात्रियों को प्रवेश देने का निर्णय किया गया।



**प्लेटफार्म एवं अनारक्षित टिकट पर भी रखेंगे दृष्टि**

रेलवे की ओर से भीड़ बढ़ने पर महाकुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने की भी तैयारी की गई है। इन ट्रेनों में अनारक्षित टिकट लेकर श्रृद्धालु यात्रा कर सकेंगे। अभी अनारक्षित टिकट लेकर यात्रियों की भीड़ स्टेशन के अंदर प्रवेश कर जाती है। प्लेटफार्म में भीड़ बढ़ने से व्यवस्था प्रभावित होती है। इसलिए अनारक्षित टिकट का विक्रय ट्रेन की उपलब्ध सुविधा के अनुसार किया जाएगा। अधिकारी नजर रखेंगे, आवश्यकता होने पर प्लेटफार्म टिकट विक्रय बंद कर दिया जाएगा। स्पेशल ट्रेन होने पर अनारक्षित टिकट वाले यात्रियों को प्लेटफार्म में प्रवेश की अनुमति होगी।

## 205 लीटर डीजल, एवं 20 लीटर पैट्रोल जप्त

जबलपुर- थाना प्रभारी सिहोरा श्री विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि क्राईम ब्रांच को विश्वनीय मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम धनगवा में वेयर हाउस के पीछे एक व्यक्ति नीले रंग की जैकेट, मेंहदी कलर का पेंट पहने कानों में मफ्लर बांधा है अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ अत्याधिक मात्रा में वेयर हाउस के पास छुपा कर रखा है सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना सिहोरा की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम मथुरा प्रसाद चौधरी उम्र 56 वर्ष निवासी धनगंवा बताया वेयर हाउस के आजू बाजू तलाश करने पर चार नीले रंग के प्लास्टिक के डिब्बे मिले जिन्हें चैक करने पर तीन डिब्बों मे 205 लीटर डीजल एवं एक डिब्बे में लगभग 20 लीटर पेट्रोल भरा मिला

# जबलपुर में टू व्हीलर रैली पर लगा बैन, बिना परमिशन कार्यक्रम माना जाएगा अवैध

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। आने वाले दिनों में त्योहारों को देखते हुए जबलपुर जिले की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिया गया है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने शुक्रवार को यह आदेश जारी करते हुए कहा है कि महाशिवरात्रि, रमजान माह, होलिकोत्सव, चैत्र नवरात्र, गुड़ी पाड़वा, ईद-उल-फितर व हनुमान जयंती जैसे त्योहारों में बेहतर कानून व्यवस्था बनाने के लिए बिना अनमुति के आयोजन नहीं होगे।

यदि होते हैं तो वह पूरी तरह से अवैध माने जाएंगे और आयोजकों पर सख्त कार्रवाई होगी। इतना ही नहीं दो पहिया वाहन रैली पर भी पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। इसके अलावा धर्म और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले नारे, शब्द और अन्य तरह की संगीत पर भी रोक लगा दी गई है।

**सड़क पर छोड़े पशु तो पशुपालक पर कार्रवाई**

इस आदेश के लागू होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों से अनुमति लेकर ही किसी तरह के आयोजन किए जाएंगे। यदि अनुमति नहीं ली गई है तो उन्हें अवैध माना जाएगा और आयोजकों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

इसके साथ ही इस आदेश में व्यक्तियों, संस्थाओं अथवा पशु मालिकों से कहा गया है कि वे अपने पशुओं को खुले तौर पर सडकों पर न छोड़ें और न ही सड़कों पर आने दें। इस प्रतिबंधात्मक आदेश में घरेलू नौकरों व व्यावसायिक नौकरों को रखने के पहले इसकी सूचना संबंधित थाने में देना होगी।

इसके साथ ही अब होटल, लाज, धर्मशाला में रुकने वाले व्यक्तियों से पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लेने व विहित प्रारूप में इनकी सूची प्रतिदिन संबंधित थाने को देने के निर्देश होटल, लाज, धर्मशाला संचालकों को देना अनिवार्य कर दिया गया है।

**किरायेदारों की देनी होगी सूचना**

दो माह तक मकान मालिक द्वारा अपने मकान में रहने वाले पेइंग गेस्ट की सूचना भी अब उसे थाने को देनी होगी। इसके बाद ही पेईंग गेस्ट को रखा जा सकेगा। यदि मकान में किरायेदार रखा जाता है तो इसकी सूचना भी संबंधित थाने को लिखित रूप से मकान मालिक द्वारा प्रदान किया जाना अनिवार्य होगा।

कलेक्टर ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों के हनन को रोकने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। इस आदेश को शुक्रवार से ही लागू कर दिया गया, जो दो माह तक लागू रहेगा। राजस्व सीमा में वॉट्सएप, एक्स, फेसबुक एवं इंटरनेट मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक फोटो, वीडियो, चित्र अथवा मैसेज करने पर भी कार्रवाई होगी। इसके साथ ही साम्प्रदायिक मैसेज करने, उसे फारवर्ड करने, लाइक करने, कमेंट करने की गतिविधियों को भी रोक लगा दी गई है। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सोशल मीडिया के ग्रुपों पर निगाह रखने कहा गया है।

# 2 सटोरिये सट्टा लिखते रंगे हाथ पकड़े गये, नगद 4 हजार 250 रूपये जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )**। थाना प्रभारी ग्वारीघाट श्रीमति संगीता सिंह ने बताया कि दिनांक 20-2-25 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि सब्जी मंडी बाउण्ड्री बाल के पास 2 लोग सट्टा पट्टी लिखकर सट्टा खिला कर अवैध लाभ अर्जित कर रहे है। सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई सब्जी मंडी बाउण्ड्री बाल के पास कुछ लोगों की भीड़ लगी थी 2 लोग रशीद जैसी पर्ची में अंक लिखकर रूपये पैसों का दाव लगवाकर सट्टा लिखते हुये दिखे पुलिस को आता देख लोगों की भीड़ भाग गयी सट्टा लिखने वाले भी भागने लगे घेराबंदी कर सट्टा लिखने वालो को पकडा जिन्होने पूछताछ पर अपने नाम अपना नाम प्रभू अहिरवार उम्र 28 वर्ष निवासी साकेत धाम नई बस्ती ग्वारीघाट एवं नरेश चक्रवर्ती उम्र 50 वर्ष निवासी कुम्हार मोहल्ला गोरखपुर बताये, तलाशी लेने पर प्रभू अहिरवार 2 हजार 300 रूपये नगदी, 3 नग सट्टा पट्टी तथा नरेश चक्रवर्ती नगद 1 हजार 950 रूपये एवं सट्टा रसीद रखे मिला । दोनों ने पूछताछ पर एक सप्ताह से उमेश पटैल निवासी पुरानी बस्ती ग्वारीघाट के कहने पर सट्टा पट्टी लिखना व शाम को सट्टे का हिसाब उमेश पटैल को देना बताया जिसके एवज में उमेश द्वारा 350 रूपये प्रतिदिन मजदूरी देना बताते हुये बताया कि उमेश पटैल भी यहीं पर खड़ा था जो पुलिस को देखकर भाग गया है। , दोनो सटोरियों से नगद 4 हजार 250 रूपये जप्त करते हुये सटोरियों के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट तथा 49 बीएनएस के तहत कार्यवाही करते हुये उमेश पटेल की तलाश जारी है।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6, नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/
एम/299 जबलपुर दिनांक 21.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि 1. **श्री आशुतोष शर्मा, पिता- श्री अनंत राम शर्मा, 2. श्रीमती अरूणा त्रिपाठी शर्मा, पति- श्री अशुतोष शर्मा** ने मकान नं. पी.नं. 06 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1003005676, क्षेत्रफल 975 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6, नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/
एम/298 जबलपुर दिनांक 21.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सूरजन बाई, पति- स्व. श्री राजाराम कोरी, श्रीमती शशि कोरी, पति स्व. श्री अमर कोरी, श्री शुभम कोरी, पिता- स्व.श्री अमर कोरी, पुत्री- मंजू कोरी, अंजू कोरी, ललिता कोरी, तीनोंके पिता- स्व. श्री राजाराम कोरी** ने मकान नं. 418 **वार्ड पं. गोविन्द बल्लभ पंत** पिन नं. 1000705206, क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 980 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, न्यायालय तहसीलदार आदेश क्रं. 0770/अ.6/ 2022-23 एवं खसरा कापी** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6, नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/
एम/297 जबलपुर दिनांक 21.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि 1. **श्री गौरभ राय, पिता श्री भगवान दास राय, 2. श्रीमती मोनाली राय, पति- श्री गौरभ राय** ने मकान नं. एल.आई. जी. 568 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 10003525, क्षेत्रफल 762 व.फु., भूतल 700 व.फु., प्रथमतल 700 व.फु. , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2, कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 /
एम./ Q 401 दिनांक 22.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती प्रतिभा चौरसिया, पति श्री जगदीश चोरसिया** ने मकान नं. खसरा नं. 420/4 सम्पत्ति पिन नं. 1000602846 **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** क्षेत्रफल 1380 व.फु., भूतल 1000 व.फु., प्रथमतल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2, कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 /
एम./ Q 400 दिनांक 22.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री राकेश कुमार शामलवार, पिता- श्री डी.पी. शामलवार** ने मकान नं. प्लाट नं. 25-ए, सम्पत्ति पिन नं. 1000530968 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड ,** क्षेत्रफल 1200 व.फु., भूतल 900 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1, गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 493/ 2024/2025 दिनांक 14.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती माया पटेल, पति श्री चंद्रभान सिंह** ने भवन क्रं. एम.आई.जी.-एम.डी.-66 पिन क्र. 1000491841 **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री नरेन्द्र कुमार चौधरी, पिता श्री राम कुमार चौधरी, भूतल 617 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-1 गढ़ा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1, गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 492/ 2024/2025 दिनांक 14.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री शेख फरीद, पिता- स्व. श्री शेख रफीक** ने भवन क्रं. 1276 का भाग पिन क्र. 1000500518 का भाग **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री शेख बजीर, पिता- बुद्धू वहना, भूतल 695 व.फु. सीमेंट शीट, , **शपथपत्र, बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-1 गढ़ा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1, गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 491/ 2024/2025 दिनांक 14.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सरोज रानी पटेल, पति श्री राजेश प्रसाद पटेल** ने भूखंड क्रं. 83 पिन क्र. 1000490998 **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) धनीराम साहू, पिता- श्री बैजनाथ साहू, क्षेत्रफल 800 व.फु., भूतल 800 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 800 व.फु. आर.सी.सी., , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-1 गढ़ा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1, गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 490/ 2024/2025 दिनांक 14.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री संजय पटेल, पिता- श्री दीनानाथ पटेल, 2. श्रीमती रेनू पटेल, पति श्री संजय पटेल** ने भूखंड क्रं. 147 पिन क्र. 1000499003 **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री दिलीप शिववेदी, पिता- श्री रामनंदन शिववेदी, क्षेत्रफल 700 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-1 गढ़ा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1, गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 489/ 2024/2025 दिनांक 14.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री राजेन्द्र कुमार साहू, पिता- स्व. श्री गौरीशंकर साहू, 2. श्रीमती वंदना साहू, पति- श्री राजेन्द्र कुमार साहू** ने खसरा नं. 323/2,323/1,324/2, 325/2 पिन क्र. 1000598277 **वार्ड क्र. 01, वार्ड गढ़ा,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री रामस्वरूप विश्वकर्मा, पिता- श्री अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा, क्षेत्रफल 450 व.फु., भूतल 350 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-1 गढ़ा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1, गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 488/ 2024/2025 दिनांक 14.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अर्पित जैन, पिता- श्री अशोक कुमार जैन** ने फ्लैट नं. 1453/डी-6 पिन क्र. 1000500435 **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री सुरेन्द्र कुमार जैन, पिता- श्री डालचंद जैन, भूतल 660 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-1 गढ़ा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1, गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 486/ 2024/2025 दिनांक 14.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती गुड्डी जैन, पति- श्री अनिल जैन** ने भवन क्रं. एल.आई.जी.- 427 पिन क्र. 1002870797 **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री दशरथ प्रसाद पाण्डेय, पिता- श्री कमला प्रसाद पाण्डेय, क्षेत्रफल 452 व.फु., भूतल 451 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 451 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-1 गढ़ा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1, गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 485/ 2024/2025 दिनांक 14.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अखिलेश मिश्रा, पिता- श्री डालचंद मिश्रा** ने भवन क्रं. 1148/18 पिन क्र. 1000500008 **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री अनुराग बहादुर सिंह, पिता- स्व. श्री कैलाशनाथ सिंह, क्षेत्रफल 737 व.फु., भूतल 354 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 323 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-1 गढ़ा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1, गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 484/ 2024/2025 दिनांक 14.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती साधना ठाकुर, पति- श्री विमलेश सिंह ठाकुर** ने भवन क्रं. एल.आई.जी.- 73 पिन क्र. 1000497810 **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्रीमती संगीता ठाकुर, पति- श्री कैलाश ठाकुर, क्षेत्रफल 452 व.फु., भूतल 231 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-1 गढ़ा**
**नगर निगम जबलपुर**



स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999